● जयपुर, गुरुवार 7 नवंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 80 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन कल...

पेज @4 मातृ शक्ति के आशीर्वाद से मिलेगी भाजपा को विजय : दिया कुमारी...

पेज @7 जेडीसी ने ली समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक...

## आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है सरकार : शाह



■ हम जल्द ही एक नई राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति लाएंगे : शाह

■ प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हर किसी को सभी सुरक्षा चुनौतियों से निपटना होगा और आतंकवाद से लड़ने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा।

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए जल्द ही एक राष्ट्रीय आतंकवाद–रोधी नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है।

शाह ने यह भी कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है, लेकिन आतंकवाद की कोई क्षेत्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी सुरक्षा एजेंसियों – केंद्रीय और राज्य – को निकट समन्वय के साथ काम करना चाहिए, संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए और खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के रूप में एक मॉडल दृष्टिकोण पेश किया है, जिसे यदि अपनाया जाता है तो यह आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए एक साझा ढांचे और मंच के रूप में काम करेगा।

गृह मंत्री ने यहां एक आतंकवाद–निरोधक सम्मेलन में कहा, ''आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा, और इसीलिए हम जल्द ही एक नई राष्ट्रीय आतंकवाद–रोधी नीति और रणनीति लाएंगे जिसमें आप सभी की अहम भूमिका होगी।'' उन्होंने कहा कि नई नीति से राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों को आतंकवाद से निपटने में निकट समन्वय से काम करने में मदद मिलेगी।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हर किसी को सभी सुरक्षा चुनौतियों से निपटना होगा और आतंकवाद से लड़ने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को युवा अधिकारियों को प्रशिक्षित करना पड़ेगा और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना होगा।



## आईएनएस विक्रांत पर नौसेना की मारक क्षमता की साक्षी बनीं राष्ट्रपति

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को समुद्र में भारतीय नौसेना की मारक क्षमता का प्रदर्शन देखा।

नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति सुबह गोवा में नौसेना वायु स्टेशन आईएनएस हंसा पहुंची। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति के आगमन पर उन्हें औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

इसके बाद राष्ट्रपति स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार हुई जो नौसेना के अग्रिम पंक्ति के 15 युद्धपोतों और पनडुब्बियों के साथ समुद्र में नौसेना की ताकत के प्रदर्शन के लिए तैयार था। यह श्रीमती मुर्मु की समुद्र में नौसेना के युद्धपोत पर पहली यात्रा थी। राष्ट्रपति को नौसेना की भूमिका, चार्टर और संचालन की अवधारणा के बारे में जानकारी दी गई। बाद में राष्ट्रपति ने कई नौसैनिक अभियानों को देखा, जिनमें लड़ाकू विमानों की डेक–आधारित टेक–ऑफ और लैंडिंग, युद्धपोत से मिसाइल फायरिंग अभ्यास, पनडुब्बी संचालन, 30 से अधिक विमानों का फ्लाईपास्ट और युद्धपोतों के पारंपरिक स्टीम–पास्ट के साथ समापन शामिल था।

**न्यूज़ अपडेट**

### पीएम मोदी समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने दी लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के जन्मदिन पर बधाई दी और उनके लिए स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। इस साल का यह जन्मदिन और भी खास है क्योंकि उन्हें देश की सेवा के लिए 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया है। वह हमारे देश के सबसे सम्मानित नेताओं में से एक हैं, जिन्होंने अपना जीवन भारत के विकास के लिए समर्पित किया है। उनकी समझ और ज्ञान को हमेशा आदर मिला है। मुझे कई वर्षों तक उनका मार्गदर्शन पाने का सौभाग्य मिला है। मैं उनके स्वस्थ और लंबी आयु की कामना करता हूं।

भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी अपने वरिष्ठ नेता को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, भाजपा के वरिष्ठ नेता, देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री, भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। उन्होंने अपने समर्पण और कठिन परिश्रम से भाजपा को सींचकर देशभर में इसे विस्तार देने तथा असंख्य कार्यकर्ताओं को गढने् में महनीय भूमिका निभाई है। संगठन के विस्तार एवं राष्ट्र सेवा के आपके महान विचार और कार्य करोड़ों कार्यकर्ताओं के पाथेय हैं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

### एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

**नोएडा/एजेंसी।** नोएडा के थाना फेस 2 पुलिस और बदमाशों के बीच शुक्रवार तड×के सुबह मुठभेड़ हो गई जिसमें 2 बदमाशों को पुलिस ने गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया है। यह बदमाश लोगों का एटीएम कार्ड बदलकर उनके पैसे निकालकर उनके साथ ठगी किया करते थे। इन बदमाशों के पास से अवैध हथियार और 26 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि 8 नवंबर को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा सेक्टर-82 कट भंगेल पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक बिना नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल पर सवार 2 व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन वह नहीं रुके और मोटरसाइकिल को तेजी से चलाते हुए भागने का प्रयास करने लगे।

पुलिस टीम ने उनका पीछा किया तो वह मोटरसाइकिल को मोड×कर नाले की पटरी पर भागने लगे और स्वयं को घिरता देखकर मोटरसाइकिल को वही गिराकर दोनो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये हैं।

### एक दिन में 3 करोड़ यात्रियों ने किया ट्रेन से सफर, भारतीय रेल ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारत में रोजाना लाखों यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। लाखों की यह संख्या कई बार एक करोड़ का आंकड़ा भी पार कर गई है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। रेल मंत्रालय द्वारा एक हालिया बयान के अनुसार, 4 नवंबर 2024 को ट्रेन से 3 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया। यात्रियों की यह संख्या भारतीय रेल के लिए एक नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर अहम है। मंत्रालय ने इसे देश के परिवहन इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। जानकारी के अनुसार, 4 नवंबर को, भारतीय रेल से 120.72 लाख नॉन-सबअर्बन यात्रियों ने यात्रा की, जिसमें 19.43 लाख आरक्षित यात्री और 101.29 लाख अनारक्षित यात्री शामिल थे। इसके अलावा, रेल मंत्रालय ने रिकॉर्ड 180 लाख सबअर्बन यात्रियों को सफर कराया। सभी यात्रियों की संख्या जोडने् के बाद देश की रेल प्रणाली के लिए एक नया मानदंड स्थापित हो गया है। बयान में यह भी कहा गया कि भारतीय रेल ने यह उपलब्धि साल के सबसे व्यस्त महीने के दौरान हासिल की है, जो भारतीय रेल की परिचालन कुशलता को दर्शाता है। साल के इस व्यस्त समय में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर लाखों-करोड़ों लोग एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा करते हैं।

## सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी नहीं होगी : सिंधिया

■ मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल स्पेक्ट्रम की नीलामी किए जाने की मांग कर रहे हैं, जबकि एलन मस्क ने आवंटन की वकालत की है।



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी के बजाय उसका आवंटन किया जाएगा।

भारतीय अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल इसकी नीलामी किए जाने की मांग कर रहे हैं, जबकि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने इसके आवंटन की वकालत की है।

सिंधिया ने 'पीटीआई–भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा कि हालांकि, सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम मुफ्त नहीं दिया जाएगा तथा भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) इसके लिए कीमत तय करेगा।

सिंधिया ने कहा, '' हर देश को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का पालन करना होता है, जो अंतरिक्ष या उपग्रहों में स्पेक्ट्रम के लिए नीति निर्धारित करने वाला संगठन है। आईटीयू 'असाइनमेंट' के आधार पर स्पेक्ट्रम दिए जाने के मामले में बेहद स्पष्ट रहा है। इसके अलावा, अगर आप आज दुनियाभर में देखें, तो मुझे एक भी ऐसा देश नहीं दिखता जो उपग्रह के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो।''

भारत डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का सदस्य है।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाखंड कर रहा है कनाडा : भारत



**नई दिल्ल/एजेन्सी।** भारत ने कनाडा द्वारा ऑस्ट्रेलिया के भारतवंशी समुदाय के मीडिया प्लेटफॉर्म 'ऑस्ट्रेलिया टुडे' को कनाडा में प्रतिबंधित किये जाने की निंदा की है और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कनाडा सरकार का पाखंड का उदाहरण बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे जाने पर कहा, विदेश मंत्री आज सिडनी में हैं। कुछ समय पहले वे व्यापारिक समुदाय और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से बात कर रहे थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री के साथ भी बैठक की, जहां उन्होंने 15वीं भारत–ऑस्ट्रेलिया रूपरेखा वार्ता में भाग लिया। विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारी सभी सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा की।

ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कनाडा में ब्लॉक किये जाने के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया टुडे भारत वंशियों का एक प्रमुख मीडिया मंच है। यह अब कनाडा में देखने के लिए उपलब्ध नहीं है। इसने विदेश मंत्री एस जयशंकर का इंटरव्यू किया और विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ प्रेस ब्रीफिंग को भी कवर किया था। विदेश मंत्री ने हमारे कनाडा के साथ संबंधों के तीन बिन्दुओं पर चर्चा की है। पहला कनाडा सरकार के शीर्ष से बिना सबूत के आरोप लगाने की आदत, दूसरा– हमारे राजनयिकों की निगरानी और तीसरा उग्रवादियों को राजनीतिक स्थान दिया जाना।

प्रवक्ता ने कहा कि कनाडा सरकार का इस मीडिया मंच को प्रतिबंधित करना, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर कनाडा सरकार के पाखंड को उजागर करता है।

### ट्रंप प्रशासन के साथ कोई गतिरोध नहीं आएगा : भारत

नई दिल्ल/एजेन्सी। भारत ने आज भरोसा जताया कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ व्यापार सीमा शुल्क एवं उत्प्रवासन जैसे मुद्दों पर कोई गतिरोध नहीं आएगा और परस्पर बातचीत से संतोषजनक समाधान निकल आएगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में ट्रंप के शासन काल में भारत–अमेरिका संबंधों में प्रगति और एच–1बी वीजा के बारे में पूछे जाने पर कहा, भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध काफी व्यापक हैं। पिछले साल 2023 में भारत और अमेरिका के बीच करीब 190 अरब डॉलर का व्यापार हुआ, जिसमें सामान और सेवाएं शामिल थीं। अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है... जहां तक एच–1बी का सवाल है, गतिशीलता और प्रवास साझेदारी हमारे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का एक हिस्सा है और हमारे कई पेशेवर अमेरिका में काम करते हैं, कई भारतीय छात्र वहां पढ़ते हैं और रक्षा प्रौद्योगिकी में अमेरिका और भारत के बीच बड़ी निवेश साझीदारी है। उन्होंने कहा कि हाल में भारत एवं अमेरिका के बीच विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के संबंध में सात मुद्दों को सुलझाया गया है। हमारे संबंध और मजबूत हुए हैं। दोनों देशों के बीच बाकी जो भी मुद्दे हैं, हम इन सभी मुद्दों पर उनके साथ अच्छी बातचीत करना चाहेंगे। उत्प्रवासन के सवाल पर प्रवक्ता ने कहा, हम चाहते हैं कि हमारे लोग कानूनी रूप से अमेरिका जाएं।

## बांग्लादेश से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह

**नई दिल्ली/भाषा।** बांग्लादेश के चटगांव में भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के बाद तनाव की खबरों के बीच भारत ने बृहस्पतिवार को ढाका से चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने और देश के हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

यहां साप्ताहिक मीडिया वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चटगांव में हिंदू समुदाय के सदस्यों पर कथित हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह तनाव सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट का परिणाम था।

जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश सरकार से ऐसे चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने और बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील करता है।



## सूर्योपासना के महापर्व कार्तिक छठ पर डूबते सूर्य को अर्घ्य

**पटना/एजेन्सी।** बिहार में सूर्योपासना के महापर्व कार्तिक छठ के अवसर पर आज व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया।

गंगा नदी में हजारों महिला और पुरुष व्रतधारियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर लाखों लोगों ने पवित्र गंगा नदी में स्नान भी किया। सुबह से ही आज गंगा नदी की ओर जाने वाले सभी मार्ग छठ व्रत एवं सूर्य आराधना के भक्तिपूर्ण एवं कर्णप्रिय गीतों से गुंजायमान रहे।पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी के घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। प्रशासन की ओर से गंगा नदी में नौका के परिचालन पर भी कल दोपहर तक के लिए रोक लगा दी गयी है। छठ घाटों पर पटाखे छोड़ने पर भी प्रतिबंध है। छठ व्रतियों के लिये गंगा घाटों को साफ–सुथरा किया गया है और विशेष रूप से सजाया भी गया है। इसके साथ ही गंगा नदी की ओर जाने वाले मार्गों पर तोरण द्वारा बनाये गये हैं और पूरे मार्ग को रंगीन बल्बों से सजाया गया है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास में छठ पर्व मनाया है,जहां पूजा के लिये एक छोटे तालाब का निर्माण कराया गया है ।नीतीश ने परिवार के साथ की छठ पूजा की।

बिहार के औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थल देव के पवित्र सूर्य कुंड में लाखो की संख्या में व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। देव का पूरा इलाका छठी मैया के भक्तिपूर्ण और कर्णप्रिय गीतों से गुंजायमान है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए औरंगाबाद जिला प्रशासन की ओर से बिजली , पानी स्वास्थ्य सुरक्षा परिवहन आवासन आदि के बेहतर प्रबंध किए गए हैं।

### उच्चतम न्यायालय का जेट एयरवेज के परिसमापन का आदेश

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को ठप खड़ी एयरलाइन कंपनी जेट एयरवेज के परिसमापन का आदेश दिया। न्यायालय ने इसके साथ ही सफल बोलीदाता जालान कलरॉक गठजोड़ द्वारा कंपनी में डाले गए 200 करोड़ रुपए जब्त करने तथा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले ऋणदाताओं के समूह को 150 करोड़ रुपए की प्रदर्शन बैंक गारंटी भुनाने की भी अनुमति दे दी। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश को खारिज करते हुए जेट एयरवेज की दिवाली कार्यवाही पर रोक लगा दी।

**मालेगांव विस्फोट मामला :**

## प्रज्ञा ठाकुर ने सूजे हुए चेहरे की तस्वीर पोस्ट की, कांग्रेस पर आरोप लगाए



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के 2008 मालेगांव विस्फोट मामले की मुख्य आरोपी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर अपने सूजे हुए चेहरे की एक तस्वीर पोस्ट की। साथ ही आरोप लगाया कि ''कांग्रेस की यातना'' के कारण उन्हें आजीवन ''घातक पीड़ा'' हुई और अगर वह जीवित रहीं तो अदालत में पेश होंगी।

मालेगांव विस्फोट मामले में सुनवाई कर रही एक विशेष अदालत द्वारा सुनवाई में शामिल न होने पर भोपाल की पूर्व भाजपा सांसद के खिलाफ जमानती वारंट जारी करने के दो दिन बाद उन्होंने यह फोटो पोस्ट की।

ठाकुर और छह अन्य व्यक्ति विस्फोट में कथित संलिप्तता के मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। जमानती वारंट जारी करते हुए विशेष अदालत के न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने मंगलवार को कहा कि मामले में अंतिम बहस चल रही है और आरोपियों की उपस्थिति आवश्यक है। वारंट के मुताबिक, 13 नवंबर तक ठाकुर को अदालत में पेश होना होगा। प्रज्ञा ठाकुर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस की यातना सिर्फ एटीएस की हिरासत तक ही नहीं, मेरे जीवन भर के लिए मृत्युदाई कष्ट का कारण हो गयी। मस्तिष्क में सूजन, आंखों से कम दिखना, कानों से कम सुनना, बोलने में असंतुलन, स्टेरॉयड और न्यूरो की दवाओं से पूरे शरीर में सूजन। एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिंदा रही तो अदालत अवश्य जाऊंगी।''

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार सख्त कार्रवाई की दरकार

बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमले, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षड्यंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें। बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता एवं कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस समस्या को गंभीर बना रहा है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी वहां के हिंदुओं के लिए ही नहीं, भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इन हमलों एवं कट्टरतावादी शक्तियों का सक्रिय होना भारत एवं बांग्लादेश दोनों ही देशों के लिये खतरनाक है। कट्टरपंथियों के निरंकुश बने रहने से वहां की सरकार के इरादे और इच्छाशक्ति सवालों के घेरे में है।

भारत ने उचित तरीकों से ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्तों में खटास घोलते हुए एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा एवं डरा देने वाली है। जेशोश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लगातार बिगड़ती स्थितियों में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। यह एक अराजकता की स्थिति है। बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, ''दुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।'' देश के दुश्मनों की ओर इशारा करते हुए मोहन भागवत ने कहा, ''भारत लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा होता है तो उसकी राह में अडंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं। इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलता रहता है।' लेकिन किसी राष्ट्र को कमजोर करने के लिये हिंदुओं यानी अल्पसंख्यकों पर हमलों का सहारा लेना, उन्हें प्रोत्साहित करना विकृत एवं अराष्ट्रीय मानसिकता का द्योतक है। वैसे भी बांग्लादेश का विकास भारत के सहयोग पर निर्भर है, जिस भू-भाग को रवींद्रनाथ टैगोर 'आमार सोनार बांग्ला' (मेरा स्वर्णिम बंगाल) कहते थे, जहां की अर्थ-व्यवस्था एवं अन्य विकास योजनाएं भारत के सहयोग से ही आगे बढ़ती रही है, कभी भारत की कोशिशों से ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश को आधी से ज्यादा बिजली भारत से मिलती है। अनाज की बड़ी सप्लाई भी भारत से होती है। अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे। फिर भी अगर बांग्लादेश नहीं सुधरता है तो समय आ गया है कि हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं पर भारत कड़ा रुख अख्तियार करे। बांग्लादेश पर दबाव बनाने के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से उठाना चाहिए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने की जरूरत है।

हिन्दू धर्म भारत की संस्कृति एवं आत्मा है। हिन्दू धर्म संयम, त्याग और बलिदान का धर्म है। इसमें हमेशा दूसरे धर्मों को सम्मान देने का काम किया है। हिन्दू धर्म उदारता, प्रेम, आपसी सद्भाव और सहनशीलता पर आधारित धर्म है। हिन्दू धर्म की सहिष्णुता को कमजोर मानकर हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य लगातार होता रहा है। वैसे तो प्रत्येक धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं, किन्तु विकृत मानसिकता वाले लोगों ने हिन्दू धर्म को मध्यकाल से ही नीचा दिखाने की कोशिशें कीं। भारत पर लगातार आक्रांताओं के हमले होते रहे और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया गया। हिन्दुओं के लाखों मंदिर तोड़े गए। हिन्दुओं से अपने ही देश में हिन्दू होने पर 'जजिया' यानि कर लगाया गया। पूर्व की सरकारों ने भी वोट की राजनीति के चलते हिन्दुओं को दोयम दर्जा पर रखा। फिर भी हिन्दू धर्म ने उदारता और सहनशीलता को नहीं छोड़ा। अगर हिन्दू कट्टर होता तो अन्य धर्मों के लोग भारत में नहीं दिखते। देश बंटवारे के समय पाकिस्तान में 20 प्रतिशत से ज्यादा हिन्दू थे लेकिन आज उनकी आबादी 2 प्रतिशत भी नहीं रही और भारत में मुसलमानों की आबादी 2 प्रतिशत से 20 प्रतिशत नहीं होती। यह हिन्दू उदारता का ही परिणाम है। लेकिन प्रश्न है कि आखिर कब तक हिन्दू ऐसी अग्नि परीक्षा देता रहेगा? कब तक हिन्दू की सहिष्णुता को कमजोरी मानकर उन पर अत्याचार होते रहेंगे? कब तक हिन्दू शक्तिसम्पन्न होकर भी निर्बल बना रहेगा? इन सवालों के जबाव तलाशने होंगे वर्ना हिन्दुओं को अस्तित्वहीन करने की कोशिशें कामयाब होती रहेगी।

# कब भुखमरी व भूखे लोगों की दुनिया से मिलेगी निजात?



ललित गर्ग

विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार।' आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बर्बादा को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमज़ोर वर्ग के लिए 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है। विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दर्शाती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी नवाचारों के साथ, भारतीय खाद्य उद्योग विकसित हो रहा है, जिससे दक्षता और कम बर्बादी सुनिश्चित हो रही है।



कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिपोर्टें न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। विश्वभर की शासन-व्यवस्थाओं का नाकामी एवं शैतानों की शरणस्थली बनना एक शर्मनाक विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर दुनिया के देश सामूहिक तौर पर या अपने प्रयासों के दावे करते रहे, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है। यह दो-चार देशों ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत बड़े भूभागों के लिए चुनौती बनी हुई है। दुनिया से लगभग आधी आबादी इन समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा पैदा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है, अविकसित और निर्धन राष्ट्रों की आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है।'' अफ्रीकी देशों से आने वाली तस्वीरें डराती हैं। खाने के एक-एक पैकेट के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। महंगाई के कारण मध्य और निम्न वर्ग के लोग अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए निर्धारित मानकों वाले खाद्य पदार्थ उनकी पहुंच से दूर हो जाते हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की जद में आने लगते हैं।

गरीब मुल्कों की मदद के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत है। विकासशील देशों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी, कुपोषण एवं भुखमरी दूर कर सकें। सत्ताएं ठान लें तो हर नागरिक को पौष्टिक भोजन देना मुश्किल भी नहीं है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा शासन-व्यवस्थाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार है। गलत जब गलत न लगे तो यह मानना चाहिए कि बीमारी गंभीर है। बीमार व्यवस्था से स्वस्थ शासन की उम्मीद कैसे संभव है? संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी एवं कुपोषण की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दर्शाता है।

हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए। आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं या उसे बदलना चाहते हैं? क्या हम भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया के नागरिक होना चाहते है या खुशहाल एवं साधन-सम्पन्न नागरिकों की दुनिया के नागरिक?

# भगवान राम ने किया था शक्ति जागरण

अवधेश झा

शक्ति परब्रह्म परमात्मा का ही अनंत स्त्रोत का क्रिया भाव है। इसलिए, शक्ति के माध्यम से ही विभिन्न भावों की प्राप्ति होती है और शक्ति से ही विभिन्न भावों का नाश होता है। शक्ति की अधिष्टिता "महामाया" देवी हैं, जो अपनी योगमाया से ब्रह्मांड को शक्तिशाली और क्रियाशील रखी हैं। आदि शक्ति प्रकृति की मूल दुर्गा हैं जो महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के रूप में विद्यमान हैं। पुरुष आत्म तत्व है तथा प्रकृति ही उसकी शक्ति है। इसलिए, शक्ति कभी भी आत्मा के विपरीत नहीं जाता है। शक्ति से ही शक्ति (सत्य भाव से) पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। शक्ति ब्रह्मनिष्ट, आत्मनिष्ट या सत्यनिष्ठ पुरुष को हानि नहीं पहुंचाती है। शक्ति सुरक्षा और कवच भी है। शक्ति संकल्प और साधना भी है। रावण अपने कुल देवी की साधना कर उनसे सुरक्षा प्राप्त तो कर लिया। वास्तव में, साधना चाहे शुभ संकल्प के लिए हो या अशुभ कृत के लिए; माता तो तत्क्षण उसके साधना का फल तो दे ही देतीं हैं, लेकिन वह फलित नहीं हो पाता है।

श्रीराम और रावण का जब युद्ध प्रारंभ हुआ तो रावण को कुलदेवी की विशेष सुरक्षा के कारण युद्ध में उसे क्षति नहीं पहुंच रही थी। जामवंत इस बात से अवगत थे और उन्होंने प्रभु श्रीराम को भी दुर्गा शक्ति को जागृत करने की परामर्श दिया। प्रभु, बड़ों की अनुभव पूर्ण बात कैसे टाल सकते थे। उन्होंने, उनकी परामर्श को सहज ही स्वीकार किया तथा माता की आराधना हेतु संकल्प लिए और शक्ति जागरण हेतु साधना प्रारंभ कर दिए। युद्ध की ऐसी विकराल स्थिति जिसका द्रष्टा तीनों लोक था। देवता परिणाम की प्रतीक्षा में थे। उस रणभूमि के मध्य में तपस्वी, मनीषी और योगेश्वर राम "शक्ति जागरण" की साधना में लीन हो गए। प्रथम दिवस यम और नियम का पालन किए, तत्पश्चात शक्ति के सातों (कुंडलिनी) द्वार को खोलते हुए, वहां पहुंच गए जहां, शक्ति की अधिष्टिता देवी सहस्त्रहार चक्र में अर्धनारीश्वर महादेव के साथ अवस्थित थीं। इस क्रम में, उन्होंने राम का परीक्षा लिया और अजेय राम सफल हुए तथा विजयश्री की प्राप्ति हुई। वास्तव में, माता आदि शक्ति भगवान की ही वहीरंगा शक्ति हैं और माता सीता प्रभु की अंतरंगा शक्ति हैं। प्रभु जिस आंतरिक शक्ति के लिए युद्ध आरंभ किए थे, स्वाभाविक है कि केवल बाहरी शक्ति को आज्ञा ही देना था और वो सक्रिय हो जाती। जब प्रभु श्रीराम आज्ञा चक्र तक की यात्रा किए तो शक्ति माता ने कहा, "आप केवल मुझे आज्ञा दीजिए मैं समस्त शक्ति के साथ आपके समक्ष उपस्थित हो जाऊंगी"। लेकिन, प्रभु मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, नियमों की उपेक्षा कैसे कर सकते थे! इसलिए, सम्पूर्ण विधि विधान का पालन करते हुए, माता की आराधना किए तथा उन्हें जागृत किए और वरदान प्राप्त किया। वास्तव में, यह विजय दशमी भगवान राम द्वारा प्रारंभ किया हुआ तथा परब्रह्म परमेश्वरी से प्रेरित शक्ति जागरण है। इस जगत में अगर आप बाहरी युद्ध में विजय प्राप्त करना चाहते हैं तो सर्वप्रथम आंतरिक विजय आवश्यक है। अपने काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को माया के वशीभूत मत होने दीजिए। सत्य के लिए तथा सत्य में ही प्रतिष्ठित होकर युद्ध कीजिए। इस तरह से जीवन की प्रत्येक संग्राम में आपका विजय सुनिश्चित है। किसी भी भाव का अति रूप ही रावण है। इसलिए, वह अत्यधिक ज्ञानी और बुद्धिमान होते हुए भी, अत्यधिक अभिमानी, क्रोधी, अहंकारी, लोभी, कामना से ग्रसित तथा आसुरी प्रवृत्तियों में लिप्त होने से उसके समस्त शुभ गुण ऐसे ढका हुआ था, जैसे सूर्य बादल से ढक जाता है। भगवान अपने अमोघ शक्ति से उसके सारे अहंकार का नाश कर दिए और जैसे ही अहंकार का नाश हुआ, उसे अपने स्वरूप में प्रभु श्रीराम का दर्शन हो गया। इसलिए, अहंकार ही आत्मतत्व के दर्शन में सबसे बड़ा बाधक है।

शक्ति संकल्प से ही पूर्ण होता है। शक्ति का जागरण अगर शुभ संकल्प के लिए होता है तो उसका परिणाम चिरकाल तक व्याप्त रहता है। इसका उत्तम उदाहरण प्रभु श्रीराम हैं।अपने पंच भौतिक शरीर की जो शोधन क्रिया है उसमें भी शक्ति की ही आवश्यकता है। इसलिए, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश और आत्म तत्व आदि का शोधन किया जाता है। माता की सम्पूर्ण शक्ति आपमें सुप्त रूप से विद्यमान है। इसे जागृत करने की आवश्यकता है। यही शक्ति माता हैं, जो महालक्ष्मी रूप भरण पोषण तथा धन - ऐश्वर्य प्रदान करती हैं। यही शक्ति दुर्गा रूप में समस्त कामनाओं की पूर्ति करती हैं और मुक्ति प्रदान करती हैं। यही शक्ति महासरस्वती हैं जो बुद्धि और ज्ञान प्रदान करती हैं, जिससे कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। ॐ श्रीसीता - रामाय नमः! ॐ क्लीं कृष्णाय नमः! ॐ दुं दुर्गायै नमः ! ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे!

# जिद और जुनून से बदलती है दुनिया


मुकुंद

बहुत बार कहा जाता है कि जिद, जज्बा और जुनून से दुनिया बदली जा सकती है। यह न तो मुहावरा है, न ही इसे लोकोक्ति कहा जा सकता है। मगर इन तीन शब्द का संकल्प जिसने भी लिया, समझो उसने आधी सफलता तो पहले ही प्राप्त कर ली। ...और आधी पर तो कार्यान्वयन के साथ जीत मिलनी तो तय है। ऐसा ही कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा जा सकता है। उनके फैसलों पर ऐसी ही दृढ़ इच्छाशक्ति झलकती है। वो अपने फैसलों पर चट्टान की तरह खड़े होते हैं। तारीख-15 अगस्त, 2021। स्थान-लाल किले की प्राचीर। इसी प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गति शक्ति योजना की घोषणा की। तब किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि यह योजना भारत के लोगों के जीवन को आसान करने में सहायक होगी। इस योजना के तीन साल 13 अक्टूबर को पूरे हुए हैं। बड़ी सूचना है कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत 208 प्रोजेक्ट्स के मंजूरी की सिफारिश हुई है। इनपर 15.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

यह सड़क और रेलवे समेत अलग-अलग मंत्रालयों के प्रोजेक्ट्स हैं। इन सभी की सिफारिश नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की है। इस ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा के बाद आकार लिया। इंडस्ट्रियल और इंटर्नल ट्रेड प्रोमोशन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि 208 प्रोजेक्ट्स को इस पहल के दायरे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। वह कहते हैं कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को शामिल करने के कई तरह के फायदे होते हैं। इन प्रोजेक्ट्स की समय सीमा से लेकर प्लानिंग खर्च में भी कटौती होती है। इस सिफारिश में सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और चार ऑयल और गैस मंत्रालय के हैं। यहां यह जानना बेहद अहम है कि केंद्र सरकार ने लॉजिस्टिक्स खर्च कम करने और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने कि लिए इस पहल को अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया। इस तीन साल की यात्रा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके।" इसमें कोई दोराय नहीं कि गति ही जीवन है। प्राचीन अवधारणा है-चरैवेतिङ्ग चरैवेति। ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद में इसका उल्लेख है। यह जीवन का मूलमंत्र है। उपनिषद में यह मूलमंत्र देवताओं के राजा इंद्र ने अपने बेटे रोहित को दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक पक्ष बेहद सुदृढ़ है। बहुत हद तक संभव है कि इसी महामंत्र के अनुष्ठान से पीएम गति शक्ति का विचार उनके मन में आया हो। बहरहाल चाहे जो भी, यह योजना बेमिसाल है। इसके छह स्तंभ हैं- व्यापकता, प्राथमिकता निर्धारण, अनुकूलन, तालमेल, विश्लेषण और गतिशीलता। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के साथ विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की सभी मौजूदा और नियोजित पहल शामिल होती हैं। इससे असरदार क्रियान्वयन में मदद मिलती है। यह महत्वपूर्ण है कि विकसित बुनियादी ढांचे के जरिये ही दुनिया के अधिकांश देशों ने तरक्की की है। वह चाहे अमेरिका हो, जापान हो या फिर दक्षिण कोरिया और चीन। सभी ने मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की मदद से ही सिर्फ एक ही पीढ़ी के दौरान विकास की सर्वाधिक रफ्तार हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी प्रणीत पीएम गति शक्ति योजना इनसे भी अधिक प्रभावशाली है। भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के अध्ययन के अनुसार, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए खर्च किए गए हर एक रुपये से जीडीपी को ढाई से साढ़े तीन रुपये का फायदा पहुंचता है।

मंदी के वक्त में यह बढ़ोतरी और ज्यादा असरदार होती है। अगर राष्ट्र में सड़कों, रेल लाइनों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जल मार्गों का जाल बिछेगा तो सभी तरह के माल की ढुलाई की गति में तेजी आएगी। इससे लागत में कमी आएगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। शहरी और औद्योगिक केंद्रों के विकास में मदद मिलेगी तो लोगों की कमाई बढ़ेगी। केंद्र और राज्य सरकारों की कमाई में भी इजाफा होगा। सरकारों की कमाई बढ़ेगी, तो वे विकास और खुशहाली बढ़ाने के लिए ज्यादा काम करेंगी।

# शताब्दी वर्ष का सार्थक संदेश



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

सौ वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सकारात्मक भाव भूमि पर हुई थी। इसमें नकारात्मक चिंतन के लिए कोई जगह नहीं है। हिन्दू समाज को संगठित करने का ध्येय था। संघ की संरचना में शाखाएं सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती हैं। यहीं से सामाजिक संगठन और निःस्वार्थ सेवा का संस्कार मिलता है। इसमें मातृभूमि की प्रार्थना की जाती है-नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि। यह भाव राष्ट्र को सर्वोच्च मानने की प्रेरणा देता है। समाज के प्रति सकारात्मक विचार जागृत होता है। स्वयंसेवकों के समाज सेवा कार्य इसी भावना से संचालित होते हैं।

पहले से संचालित सामाजिक समरसता अभियान को तेज किया जाएगा। समाज में छुआछूत और भेदभाव को दूर करने के लिए कार्यकर्ताओं को और सजग किया जाएगा। इसके साथ ही वह पारिवारिक मूल्यों के लिए और कुटुम्ब प्रबोधन के कार्यक्रमों को गति दी जाएगी। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य संचालित होगा। लोक जागरण को वरीयता दी जाएगी। सामाजिक जीवन मूल्यों के प्रति लोगों को जागृत किया जाएगा। संघ राजनीतिक क्षेत्र में काम नहीं करता है। संघ के साथ किसी की कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। शाखा के इतर संघ के सभी आयामों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहती है। शाखा संघ का एक बड़ा आयाम है। इसमें स्वयंसेवक सुबह या शाम के समय संघ स्थान पर जाते हैं। बाकी संघ के सभी प्रकार के कार्यक्रमों जैसे प्रचार विभाग, कुटुम्ब प्रबोधन हो, सेवा हो या अन्य प्रकार के कार्यक्रमों के नीति निर्माताओं व नीति निर्धारण करने वालों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहती है। जहां भी शाखाएं लगती हैं वहां तीन माह में एक बार पूरे परिवार के साथ सहभोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और चर्चा आदि आयोजित किए जाते हैं। इसमें परिवार के सभी सदस्य सम्मिलित होते हैं। ऐसा करके एक प्रकार से संघ ने पूरे परिवार को साथ में जोड़ने का एक और नया आयाम दिया है। संवाद के माध्यम से सभी को संघ एकजुट करना चाहता है। संघ के नेता मुस्लिम बुद्धिजीवियों और उनके आध्यात्मिक नेताओं से उनके आमंत्रण पर ही मिल रहे हैं। मुस्लिम, इसाई अथवा विदेश से आने वाले प्रतिनिधिमंडल यदि वे संघ को समझने और उससे संवाद कायम करना चाहते हैं तो ऐसे सभी लोगों का संघ स्वागत करेगा। लेकिन राष्ट्र विघातक शक्तियों के विरुद्ध समाज को सजग करना अपरिहार्य होता है। भाषा,जाति या अन्य प्रकार के भेदों को दूर करते हुए संघ के कार्यकर्ता समाज को एकजुट करने का काम करते हैं। कुछ राजनीतिक शक्तियां अपने स्वार्थ के लिए समय-समय पर भाषा-जाति व अन्य प्रकार का विघ्न पैदा करते हैं। लेकिन समाज बहुत जागृत है। ऐसे लोग कभी सफल नहीं होंगे। भारत और समाज को तोड़ने वाली शक्तियां परास्त होंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी लक्ष्य को लेकर समाज को एकजुट करने का कार्य करता रहेगा। विश्व कल्याण के उदात्त लक्ष्य को मूर्तरूप प्रदान करने हेतु भारत के 'स्व' की सुदीर्घ यात्रा हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रही है। विदेशी आक्रमणों तथा संघर्ष के काल में भारतीय जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ तथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व धार्मिक व्यवस्थाओं को गहरी चोट पहुंची। इस कालखंड में पूज्य संतों व महापुरुषों के नेतृत्व में संपूर्ण समाज ने सतत संघर्षरत रहते हुए अपने 'स्व' को बचाए रखा। इस संग्राम की प्रेरणा स्वधर्म, स्वदेशी और स्वराज की 'स्व' त्रयी में निहित थी, जिसमें समस्त समाज की सहभागिता रही। स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर सम्पूर्ण राष्ट्र ने इस संघर्ष में योगदान देने वाले जननायकों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा मनीषियों का कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया है। स्वाधीनता प्राप्ति के उपरांत हमने अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभर रही है। भारत के सनातन मूल्यों के आधार पर होने वाले नवोत्थान को विश्व स्वीकार कर रहा है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की अवधारणा के आधार पर विश्व शांति, विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण के लिए भारत अपनी भूमिका निभाने के लिए अग्रसर है। सुसंगठित, विजयशाली व समृद्ध राष्ट्र बनाने की प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति, सर्वांगीण विकास के अवसर, तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग एवं पर्यावरणपूरक विकास सहित आधुनिकीकरण की भारतीय संकल्पना के आधार पर नए प्रतिमान खड़े करने जैसी चुनौतियों से पार पाना होगा। राष्ट्र के नवोत्थान के लिए हमें परिवार संस्था का दृढ़ीकरण, बंधुता पर आधारित समरस समाज का निर्माण तथा स्वदेशी भाव के साथ उद्यमिता का विकास आदि उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। इस दृष्टि से समाज के सभी घटकों, विशेषकर युवा वर्ग को समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता रहेगी।

संघर्षकाल में विदेशी शासन से मुक्ति हेतु जिस प्रकार त्याग और बलिदान की आवश्यकता थी, उसी प्रकार वर्तमान समय में उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नागरिक कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्ध तथा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त समाजजीवन भी खड़ा करना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री द्वारा स्वाधीनता दिवस पर दिये गए 'पंच-प्रण' का आ''ान भी महत्वपूर्ण है। जहां अनेक देश भारत की ओर सम्मान और सद्भाव रखते हैं, वहीं भारत के 'स्व' आधारित इस पुनरुत्थान को विश्व की कुछ शक्तियां स्वीकार नहीं कर पा रही हैं। हिंदुत्व के विचार का विरोध करने वाली देश के भीतर और बाहर की कई शक्तियां निहित स्वार्थों और भेदों को उभार कर समाज में परस्पर अविश्वास, तंत्र के प्रति अनास्था और अराजकता पैदा करने हेतु नए-नए षड्यंत्र रच रही हैं। हमें इन सबके प्रति जागरूक रहते हुए उनके मंतव्यों को भी विफल करना होगा।

यह अमृतकाल भारत को वैश्विक नेतृत्व प्राप्त कराने के लिए सामूहिक उद्यम करने का अवसर प्रदान कर रहा है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा प्रबुद्ध वर्ग सहित सम्पूर्ण समाज का आ''ान करती है कि भारतीय चिंतन के प्रकाश में सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, लोकतांत्रिक, न्यायिक संस्थाओं सहित समाजजीवन के सभी क्षेत्रों में कालसुसंगत रचनाएं विकसित करने के इस कार्य में संपूर्ण शक्ति से सहभागी बने, जिससे भारत विश्वमंच पर एक समर्थ, वैभवशाली और विश्वकल्याणकारी राष्ट्र के रूप में समुचित स्थान प्राप्त कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सरना को 8 से 11 तक उपचुनाव में लगाया



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सरना को भाजपा की तरफ से राजस्थान मे हो रहे उपचुनावों मे तीन विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास करके पार्टी को मजबूत करने के लिए कहा गया है। पार्टी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सरना 8 नवंबर को चौरासी विधानसभा में 10 को झुंझुनू और 11 नवंबर को दौसा में पार्टी के लिए प्रवास करेंगे।

### कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा का तीन दिवसीय तूफानी चुनावी दौरा आज से

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा प्रदेश में होने वाले राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार हेतु 08 नवम्बर से 10 नवम्बर, तक अलवर, नागौर, सलूम्बर एवं डूंगरपुर जिलों के दौरे पर रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा 08 नवम्बर को जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर अलवर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन जुबेर के समर्थन में बड़ौदामेव में प्रातः 11.30 बजे आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। 09 नवम्बर को डोटासरा जयपुर से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर नागौर जिले की खींवसर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. श्रीमती रतन चौधरी के समर्थन में प्रातः 11.15 बजे खींवसर में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।
चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा 10 नवम्बर, को सलूम्बर जिले की सलूम्बर तथा डूंगरपुर जिले की चौरासी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशियों श्रीमती रेशमा मीणा तथा महेश रोत के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे।

### राजस्थान लेखा सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने जयपुर मेट्रो का भ्रमण किया



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान लेखा सेवा-2024 बैच के प्रशिक्षुओ अधिकारियों के दल ने जयपुर मेट्रो डिपो व मेट्रो स्टेशनों का भ्रमण किया। प्रशिक्षु अधिकारियों के दल को प्रशासनिक भवन स्थित बैठक कक्ष में जयपुर मेट्रो के वित्तीय प्रबंधन, परियोजना एवं परिचालन की सम्पूर्ण जानकारी प्रजेन्टेशन के माध्यम से दी गई। इस दौरान जयपुर मेट्रो के निदेशक वित्त हरीश लड्ढा उपस्थित रहे। प्रशिक्षुओ ने वित्तीय प्रबंधन एवं विभिन्न मुद्दो पर निदेशक वित्त से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।दल ने मेट्रो के मानसरोवर डिपो स्थित परिचालन नियंत्रण कक्ष, डिपो नियंत्रण कक्ष एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष की तकनीकी कार्य प्रणाली के साथ-साथ मेट्रो के सिग्नल, टाईम टेबल तथा छोटी चौपड़ स्थित ऑर्ट गैलेरी में पुरातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने आदि की जानकारी प्राप्त की।
भ्रमण के अन्त में प्रशिक्षु दल ने जयपुर मेट्रो के निर्माण एवं संचालन प्रक्रिया की सराहना करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वैभव गालरिया, निदेशक वित्त हरीश लड्ढा एवं जयपुर मेट्रो की संपूर्ण टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बाड़ी कृष्णा कॉलोनी में जरख को पकड़ने के लिए लगाए पिंजरे, चमकता राजस्थान की खबर का हुआ असर



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में महीना भर से घूम रहा जरख नहीं दिया अब तक वन विभाग की टीम ने कोई ध्यान, दैनिक चमकता राजस्थान अखबार में रामदास तरुण ब्यूरो चीफ के द्वारा जरख के मुद्दे को उठाया! आमजन की समस्या को देखते हुए, कोई जन हानि नहीं हो, खबर अखबार में प्रसारित की इस खबर का हुआ असर, बाड़ी की कृष्णा कॉलोनी स्थित रेलवे स्टेशन के पीछे पिछले एक महीने से जंगली जरख की सक्रियता देखने को मिल रही है, जिससे कॉलोनी में दहशत का माहौल बना हुआ था। दिन के समय भी यह जरख खुलेआम सड़कों और गलियों में घूम रहा है, और कई बार तो यह घरों में भी घुस चुका है। अब फिलहाल इस खबर में अपडेट यह है। कि वन विभाग की टीम ने कृष्णा कॉलोनी में जरख को पकड़ने के लिए लोहे के सलाहों से बने पिंजरे बनवाकर जगह-जगह लगा दिए गए हैं। जिससे जरक को पकड़ा जा सके, और लोगों को कोई क्षति न हो।

### ग्राम विकास अधिकारी पच तत्वों में विलीन



**चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** ब्यावर पंचायत समिति जवाजा के ग्राम विकास अधिकारी गवाना ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश लखारा गंवाना पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी अचानक तबीयत बीगडने खराब होने के बाद विक्टोरिया मैं चार दिन करीबन भर्ती रहने के पश्चात अंतिम सांस ली परिवार में तीन लड़कियां एक लड़का है जन्मभूमि शोकलिया गांव पिछले 10 वर्षों से श्रीनगर में ही निवास कर रहे थे और खुद का मकान भी बना रखा है सीधे और सरल स्वभाव होने के कारण ग्रामीण भी उनका सहयोग करते थे पंचायत समिति क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अनुभव होने के कारण हमें कई चीजों का फायदा इसे मिला है

# राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन कल

## राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा जिला स्तरीय इंवेस्टर्स मीट कार्यक्रम

- **जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों के लिए 205 निवेश एमओयू होंगे साइन**
- **45 हजार करोड़ से अधिक के निवेश करारों (एमओयू) पर होंगे हस्ताक्षर**
- **2 लाख 6 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर होंगे सृजित**



चमकता राजस्थान

जयपुर। जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 45 हजार करोड़ के 205 निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर होंगे, जिससे 2 लाख 6 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।
जिला कलक्टर ने गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उहोंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले अपनी अहम भागीदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिला कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में जेम्स एंड ज्वैलरी, मेडिकल, स्पोर्ट्स, गारमेंट, वेयरहाउस, ई-वेस्ट, केबल, रीयल एस्टेट, ऑयल रिफायनरी एवं टेक्सटाइल सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों के निवेशकों ने नए उद्योगों की स्थापना एवं औद्योगिक विस्तार में अपनी रुचि दिखाई है। जिले में मुख्य रूप से जैम्स बूर्स ने 11 हजार करोड़, गो अभ्यारण हेतु 3 हजार करोड़, ऑयल रिफाइनरी हेतु 1 हजार 500 करोड़, एवीए इडिबल ऑयल द्वारा 1 हजार 200 करोड़, क्रेडाई ने 1 हजार करोड़, मंगलम समूह ने औद्योगिक पार्क हेतु 1 हजार करोड़ के एमओयू पर सहमति जाहिर की है।
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन, अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने एवं ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित के लिए उद्यमियों, निवेशकों एवं 34 औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने का हर संभव प्रयास किया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन के लिए जिला प्रशासन लगातार निवेशकों, उद्यमियों एवं औद्योगिक समूहों से लगातार संपर्क किया है। जिला प्रशासन के सतत प्रयासों का ही नतीजा है कि विगत एक माह में जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने ना केवल निवेशकों, उद्यमियों एवं औद्योगिक समूहों के साथ बैठकों का आयोजन किया, बल्कि अप्रवासी राजस्थानी एवं स्थापित उद्योग जो अपने उद्यम विस्तार के इच्छुक हैं, उनसे भी संपर्क कर निवेश करारों पर सहमति बनाई गई है।
डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि निवेश के लिए भूमि हेतु समस्त उपखण्ड अधिकारियों को उपलब्ध भूमि की जानकारी देने के लिए पाबंद किया जा चुका है। साथ ही जिले में अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव एवं एमओयू सुनिश्चित करवाने हेतु महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, यूनिट हेड रीको के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों भी जिम्मेदारियां सौंपी गई है।
उन्होंने बताया कि जिले में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए जिला प्रशासन को जेम्स एंड ज्वैलरी एसोसिएशन, एजीईएस, वुडन हेंडिक्राफ्ट एसोसिएशन, राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, फोर्टी, क्रेडाई, लघु उद्योग भारती, सिडबी, विश्वकर्मा, कालाडेरा, बगरू, दूदू, 22 गोदाम, झोटवाड़ा, सीतापुरा, मानसरोवर, मालवीय नगर, सांगानेर, सरना डूंगर सहित अन्य प्रमुख निवेशकों एवं औद्योगिक संगठनों का सहयोग एवं समर्थन भी मिला है।

## एएएनडीएम डिग्री कॉलेज दांता बीर में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया





चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक। श्रीनगर /पुष्कर** / बीर वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय, एक राष्ट्रीय एक चुनाव भारत के वर्तमान परिपेक्ष में उपयुक्त है,था। डॉ रीता पारीक प्राचार्य हुकमचंद कॉलेज ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉक्टर हरिप्रकाश गौड सेवानिवृत्ति हिंदी विभागाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय, डॉक्टर माणक जैन इतिहास विभागाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय अजमेर ,डॉ राकेश कुमार हिंदी विभागाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय पुष्कर प्रतियोगिता के निर्णायक रहे ।उल्लेखनीय है कि अजमेर जिले के विभिन्न राजकीय निजी महाविद्यालय के 40 प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया ।सर्वप्रथम कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर सुनीता जांगिड़ ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से परिचित कराया ।प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष में अपने विचार व्यक्त करते हुए एक राष्ट्र के संदर्भ में श्रम, समय ,आर्थिक राजनीतिक व नीतिगत रूप से उपयुक्त बताया ।तथा विपक्षी प्रतिभागियों ने विषय के संदर्भ में एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्र में क्षेत्रीयता ,भ्रष्टाचार ,बेरोजगारी समस्याओं के उत्पन्न होने वाले परिणाम व्यवहारिक विचारों से अवगत कराते हुए विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। निर्णायको ने प्रतिभागियों को मंच पर स्वयं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित किया। प्रतियोगिता में निकिता फुलवारी सूरज नारायण पारीक टीटी कॉलेज पुष्कर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दर्शना कुमारी आर्या नारायणी देवी टीटी कॉलेज अजमेर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।वहीं करण शेखावत ए एन डी एम डिग्री कॉलेज, ख्याति फुलवारी टीटी कॉलेज ,महेश यादव हुकमचंद कॉलेज ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताप्रतिभागियों को अध्यक्ष द्वारा नगद पुरस्कार से स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय उपनिदेशक डॉक्टर मृत्युंजय शर्मा ,डॉक्टर निष्काम शर्मा उपस्थित थे। मंच संचालन डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा ने किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कल्पना महावर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर प्रबुद्ध संगोष्ठी, उनके योगदान और विचारों पर गहरी चर्चा




**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर एक प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रमुख विचारक और समाजसेवी शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भरतपुर विभाग प्रचारक उत्कर्ष ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन एक प्रेरणा है। जिसमें उन्होंने केवल युद्ध भूमि पर ही नहीं, बल्कि शासन और समाज की सेवा में भी अद्वितीय कार्य किए। उन्होंने भारतीय संस्कृति और हिंदू परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ- साथ आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी।
उत्कर्ष ने यह भी बताया कि अहिल्याबाई के शासन काल में धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण और समाज के कल्याण के लिए किए गए कदम आज भी इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने जीवन में हर समय धर्म की प्रतिष्ठा और समाज की भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने युद्ध के साथ-साथ धार्मिक कार्यों को भी समान रूप से महत्व दिया। महंत हनुमानदास ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी नीतियां आज भी हम सभी के लिए एक आदर्श हैं।
अहिल्याबाई ने न केवल भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण किया, बल्कि अपने शासन में सामाजिक समरसता और न्याय को भी सर्वोपरि रखा। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जगमोहन बघेल, जिलाध्यक्ष सतेंद्र पाराशर, पूर्व प्रधान मीनाक्षी शर्मा और कई अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन बाचाराम बघेल ने किया।

## पीएम कुसुम योजना में सोलर प्लांट स्थापित करने की राह हुई आसान

चमकता राजस्थान



- **एसओपी जारी, कुसुम-सी में 10 मेगावाट के तीन और नए सोलर प्लांट स्थापित**
- **918 कृषि उपभोक्ताओं को अब सुलभ हुई दिन में बिजली**

जयपुर। जयपुर डिस्कॉम के कोटपुतली तथा भिवाड़ी सर्किल में पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट-सी के तहत 10.09 मेगावाट क्षमता के तीन नए सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं। तीनों सोलर प्लांटों को समीपवर्ती 33/11 केवी सब स्टेशन से जोड़ दिया गया है। इन सोलर संयंत्रों के स्थापित होने से इन सब स्टेशनों से जुड़े 918 कृषि उपभोक्ताओं को कृषि कार्य के लिए अब दिन में बिजली उपलब्ध होने लगी है।
डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने बताया कि भिवाड़ी सर्किल के पहल गांव में सोलर पावर जनरेटर मैसर्स सोलर 91 प्रोजेक्ट वन प्रा. लि. द्वारा 4.15 मेगावाट क्षमता के, हसपुर कलां में मैसर्स स्टॉकवेल अलवर वन प्रा. लि. द्वारा 2.85 मेगावाट क्षमता तथा कोटपुतली के हसनपुरा गांव में मैसर्स गुलाब सोलर पावर प्लांट प्रा. लि. द्वारा 3.09 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं।
सुश्री डोगरा ने बताया कि प्रदेश में कुसुम-सी के तहत फीडर लेवल सोलराइजेशन के काम को गति दी जा रही है। इन तीन प्लांटों को मिलाकर जयपुर, अजमेर एवं जोधपुर डिस्कॉम क्षेत्र में अब तक कुल 39.46 मेगावाट क्षमता के 16 सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। जिनके माध्यम से ग्रिड से जुड़े 4,426 कृषि उपभोक्ताओं को खेती के लिए दिन में बिजली सुलभ होने लगी है। एमडी सुश्री डोगरा ने कुसुम योजना के कंपोनेंट ए एवं सी के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए डिस्कॉम स्तर पर आवेदनों के सुव्यवस्थित एवं त्वरित निस्तारण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी है। इसके तहत सोलर पावर प्लांट से उत्पन्न होने वाली सौर ऊर्जा की निकासी के लिए 11 केवी एवं 33 केवी लाइन के अनुमोदन, प्लांट के लिए प्रस्तावित भूमि से एलटी, 11 केवी और 33 केवी लाइनों को स्थानांतरित करने, सीटी-पीटी सेट, एबीटी मीटर्स के निरीक्षण, डीसीआर मॉडयूल के सत्यापन, सोलर प्लांट से ट्रांसफॉर्मर तथा 11 केवी एवं 33 केवी लाइनों के जोड़ने आदि प्रक्रियाओं के लिए विभिन्न स्तरों पर स्वीकृति प्रदान करने के लिए अभियंताओं के स्तर पर समय सीमा का निर्धारण किया गया है। सुश्री डोगरा ने बीते दिनों डवलपरों, किसानों तथा अभियंताओं के साथ हुई संयुक्त बैठक में एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए थे, ताकि सोलर संयंत्रों को स्थापित करने में जमीनी स्तर पर आ रही बाधाओं को दूर किया जा सके।
उल्लेखनीय है कि कंपोनेंट-सी के तहत जयपुर डिस्कॉम क्षेत्र में हाल ही में 207 मेगावाट तथा कंपोनेंट-ए के तहत तीनों डिस्कॉम्स क्षेत्र में 890 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इससे पूर्व सितम्बर माह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पीएम कुसुम-सी योजना के तहत प्रदेश में 1501 मेगावाट क्षमता के 608 सोलर प्लांटों का एक साथ शिलान्यास किया था। इन प्लांटों को शीघ्र स्थापित करने के लिए डिस्कॉम्स द्वारा जमीनी स्तर पर कार्य को गति दी जा रही है।

## नारी शक्ति वंदन क़ानून को बताया क्रांतिकारी

# मातृ शक्ति के आशीर्वाद से मिलेगी भाजपा को विजय : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान





**दौसा।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को दौसा में भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा के समर्थन में पार्टी के महिला मोर्चे द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया।
उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने भाजपा के कार्यकर्ता आने वाले 13 तारीख को घर घर से वोटरों को प्रेरित कर बूथ तक पहुँचाने के लिए कमर कस चुके है और अब ये मातृशक्ति की ज़िम्मेदारी है कि घर का कोई भी व्यक्ति वोट देने से बाक़ी नही रहे।
उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। राजस्थान को भी एक विकसित प्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में हम सभी मिल कर प्रयास कर रहे है। इसी क्रम में आने वाले दिसम्बर महीने में राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान 15लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे जिससे राजस्थान के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होगे।
प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हमारी सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीब के कल्याण के लिए लगातार काम किया है।
उन्होने कहा कि दौसा की कड़ी भी डबल इंजन की सरकार से जोड़ने की ज़िम्मेदारी अब मतदाता की है।
दिया कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा को जीताने के लिए पुरजोर अपील की।
उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में पारित होने के क्षण का ज़िक्रि करते हुए कहा कि नारियों को सम्मान और अधिकार का जो क़ानून प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए हमें उपहार में दिया, उसे भी कांग्रेस ने बिना बहस के पारित नही होने दिया। ऐसे में अब उन्हे महिलाओं से वोट माँगने का कोई अधिकार नही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए भरपूर प्रयास किये है और जिसके परिणाम भी मिलने लगे है। इस अवसर पर जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, महुवा विधायक राजेन्द्र मीणा, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा, पूर्व महापौर जयपुर श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, संसद प्रत्याशी करौली-धौलपुर श्रीमती इंदु जाटव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती अंजू मिश्रा, श्रीमती महिमा शर्मा, श्रीमती वनीता शर्मा और भारी संख्या में महिला मोर्चे के कार्यकर्ता उपस्थित रही।
दौसा दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लवाण कस्बे में रोड शो किया और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि श्री जगमोहन मीणा छत्तीस कौम के उम्मीदवार है और सभी को मिल कर उनकी दौसा से जीत को सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में दौसा से भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा, महुआ विधायक राजेन्द्र मीणा, शाहपुरा विधायक लाला राम बैरवा, प्रदेश मंत्री भूपेन्द्र सैनी तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व राजपरिवारों पर राहुल गांधी की टिप्पणी निंदनीयः दिया कुमारी




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के उस लेख की निंदा की है जिसमें उन्होने पूर्व राजपरिवारों के विरुद्ध अनर्गल टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अंग्रेज़ी औऱ हिन्दी अखबारों में अपने लेख के माध्यम से पूर्व राजपरिवारों पर सारहीन आरोप लगाया है कि महाराजाओं को रिश्वत दे कर अंग्रेजों ने भारत पर शासन किया। राहुल गांधी द्वारा लिखे गये लेख में पूर्व राजपरिवारों की छवि धूमिल करने के प्रयास की मैं कड़े शब्दों में निंदा करती हूँ।
दिया कुमारी ने कहा कि एकीकृत भारत का सपना पूरा करने के लिए सभी राजपरिवारों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। राहुल गांधी को इतिहास की जानकारी नही है। उनके द्वारा इतिहास के तथ्यों को जाने बिना इस तरह के लेख लिखना नितान्त अनावश्यक और निंदनीय है। वे अपनी राजनीतिक छवि को चमकाने के लिए दूसरों के परिवारों पर कीचड़ उछालना बंद करे और अपने संवैधानिक पद की मर्यादा को बनाये रखे।
कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पूर्व राजपरिवारों पर इस तरह के अनर्गल आरोप लगाने से पहले, इतिहास के तथ्यो को जानकारी कर लेनी चाहिए। इस तरह के आरोप लगा कर राहुल गांधी समाज के विभिन्न वर्गो में दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे है, जो निंदनीय है।

### कट्स के अमर दीप सिंह केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी सुधार कार्य समूह में विशेषज्ञ नियुक्त



**चमकता राजस्थान। जयपुर (संवाददाता खलील कुरेशी)** । जयपुर, 7 नवंबर 24 को जयपुर स्थित वैश्विक संस्थान कट्स के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अमर दीप सिंह को भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा गठित शहरी शासन सुधारों पर कार्य समूह में विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है। यह कार्य समूह पूरे भारत में शहरी सरकारों की संरचना, अधिकार और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से स्थायी और प्रगतिशील शासन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करेगा। शहरी शासन में मजबूत पृष्ठभूमि के साथ, कट्स प्रभावी, समावेशी और जवाबदेह शहरी शासन को बढ़ावा देने के लिए नीति अनुसंधान में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। सार्वजनिक नीति और शहरी शासन में एक विशिष्ट पहचान के साथ, सिंह इस कार्य समूह में ज्ञान और लंबा अनुभव रखते है। कट्स में, उन्होंने कुशल, पारदर्शी और समावेशी शहरी शासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परियोजनाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो देश के शहरी शासन ढांचे को मजबूत करने में मंत्रालय के उद्देश्यों के साथ समाहित है। शहरी मंत्रालय का कार्य समूह समावेशी नीति-निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और सुधार के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोणों के महत्व को रेखांकित करता है। यह पहल शासन सुधार के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित करने के लिये की गई है, जिसका उद्देश्य संरचनात्मक और समायोजन के माध्यम से शहरी सरकारों को सशक्त बनाना है जो राज्यों में स्थानीय लोकतंत्र और जवाबदेही को सुदृढ़ करते हैं। सिंह की भागीदारी पारदर्शी, उत्तरदायी और जवाबदेह शहरी शासन के लिए कट्स के दृष्टिकोण से योगदान देगी, और शहरी मंत्रालय के मिशन का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में अपने व्यापक अनुभव से सुधार लाएगी।

# कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के नेता अपना और अपने परिवार का कर रहे है विकासः मदन राठौड़

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने चौरासी विधानसभा क्षेत्र में कारीलाल ननोमा के समर्थन में की जनसभा, कार्यकर्ताओं से किया संवाद

चमकता राजस्थान।







**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज गुरूवार को चौरासी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी कारीलाल ननोमा के समर्थन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के साथ जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज एक ओर देश में भ्रष्टाचार, घोटाले करने वाली राजनीतिक पार्टी है, जिसके नेता जनता के पैसे से घर भरने का काम करते और कहते कि जनता 5 साल में सब भूल जाती है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिनके नेतृत्व में पिछले 10 साल में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने देश में भ्रष्टाचार को बढावा देने का काम किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी और आरोपियों को जेल पहुंचाने का काम किया। कांग्रेस के अधिकांश नेता आज जमानत पर राजनीति कर रहे है, फिर चाहे वो सोनिया गांधी हो, राहुल गांधी हो, पी.चिदम्बरम हो, या फिर आप पार्टी के अरविंद केजरीवाल, आरजेडी के लालू प्रसाद यादव सब जमानत पर आकर झूठी राजनीति कर रहे है। डूंगरपुर के सांसद भी अपना और अपने परिवार का विकास करने में जुटे हुए है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने चुनावी जनसभा के बाद चौरासी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ उपचुनाव को लेकर चर्चा की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, प्रत्याशी कारीलाल ननोमा, पूर्व सांसद कनकमल कटारा, लोकसभा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीय, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती, पूर्व प्रधान महेंद्र बरजोड एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, पार्टी पदाधिकारी, युवा मोर्चा पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं सभी युवा साथी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन लाडली : प्रदेश में बाल विवाह रोकथाम के लिए पुलिस विभाग चलाएगा अभियान

## आगामी 12 नवम्बर के अबूझ सावे से पूर्व शुरू होगा छह दिवसीय अभियान

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी .)। प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस विभाग चार दिवसीय अभियान चलाएगा। पुलिस महानिरीक्षक सिविल राइट्स जय नारायण ने आदेश जारी कर बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को ऑपरेशन लाडली अभियान की क्रियान्विति करने के निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान पुलिस लोगों को विभिन्न तरीकों से समझाइश कर कम आयु के बच्चों को जागरूक करेगी। आईजी जय नारायण ने समझाइश व कम आयु के बच्चों को भी किया जाएगा जागरूक बताया कि समाज में प्रचलित बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में ऑपरेशन लाडली अभियान चलाया जा रहा है।आगामी 12 नवम्बर को अबूझ सावे पर होने वाले बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस विभाग 11 से 16 नवंबर लगातार छह दिन तक यह अभियान संचालित कर रहा है, जिसकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस जिला, खण्ड, स्कूल, ग्राम स्तरीय एवं सेवा प्रदाताओं की कार्यशाला का आयोजन कर उपस्थित प्रतिभागियों को अभियान के प्रति संवेदनशील बनाएगी। विभिन्न माध्यमों जैसे सेवा प्रदाताओं की दुकानों एवं प्रमुख स्थानों पर दीवार लेखन, जागरूकता रैली, शासकीय व धार्मिक कार्यक्रमों में बाल विवाह नही करने की शपथ, जिंगल, डॉक्यूमेंट्री, नुक्कड़ नाटक, होर्डिंग के साथ दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन आदि के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रभावी जनजागरण किया जाएगा।

### दुष्कर्म के बाद युवती का विडियो डाला सोशल मीडिया पर

- भाई ने विडियों देखकर कराया थाने में मामला दर्ज

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** गांधी नगर थाना इलाके में एक युवती से दुष्कर्म कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डालने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर बहन का अश्लील विडियो देखकर युवक अपनी बहन के साथ थाने पहुंचा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि युवती ने शिकायत दी है कि एक युवक ने उसका अश्लील वीडियो बनाया। उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह अश्लील वीडियो एक वॉट्सऐप ग्रुप पर आया। इसमें पीड़िता का भाई भी जुड़ा हुआ था। भाई ने बहन को वीडियो के बारे में जानकारी दी। आरोपी ने वीडियो में केवल पीड़िता को दिखाया। खुद को छिपा लिया। वीडियो वायरल करने पर पीड़िता ने फोन किया तो आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। इस पर पीड़ित लड़की गांधी नगर थाने पहुंची। युवक के खिलाफ गांधी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। युवती ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है।

# प्रदेश में उठने लगीं जाट समुदाय का मुख्यमंत्री बनाने की माँग

(अत्री कुमार दाधीच)






प्रदेश में काफ़ी समय से जाट मुख्यमंत्री बनाने की माँग दोनों ही पार्टियों में उठाइ जा रही है लेकिन जाट समुदाय का जुड़ाव कांग्रेस रहा है इसलिए भाजपा ने इस और कभी ध्यान नहीं दिया जबकि कांग्रेस के साथ जाट समुदाय का जुड़ाव शुरू से रहा है फिर भी आलानेताओं ने इस समुदाय को प्रदेशाध्यक्ष तक सीमित रखा लेकिन कुछ वर्षों से जाट समुदाय में मुख्यमंत्री पद को लेकर आवाजें तेज़ी से उठने लगी है प्रदेश में जाट समुदाय विधानसभा में अस्सी सीटों पर अपना प्रभाव रखते हैं यही नहीं लोकसभा में प्रदेश की आठ सीटों पर सीधा एवं छ सीटों पर निर्णायक की भूमिका अदा करते हैं प्रदेश में जाट एवं ब्राह्मण दो समाजों का वर्चस्व रहा है इसके बावजूद राजनैतिक दल प्रदेश के बडे मतदाता समूह को अनदेखा कर रही है इसी का परिणाम है कि कांग्रेस और भाजपा को पराजय का मुँह देखना पड़ता है प्रदेश में इन दो समुदायों को राजनीतिक दल साधने में क़ामयाब हो तो हो तो प्रदेश में रोस्टर प्रणाली समाप्त हो सकती है लेकिन राजनीतिक पार्टियां छितराइ जातियों की और आकर्षित करती है इससे मूल वोट बैंक दोनों पार्टियों से खिसकता रहता है इससे प्रदेश में रोस्टर प्रणाली का चलन शुरू हो गया ज्ञातव्य के प्रदेश में मोहनलाल सुखाड़िया के समय कांग्रेस आलाकमान ने जाट मुख्यमंत्री बनाने का विचार बनाया था इसके लिए प्रदेश के जाट नेताओ नाथूराम मिर्धा ,दौलतराम सारण एवं कुम्भा राम आर्य को दिल्ली तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राय मशवरा के लिए बुलाया था लेकिन इसकी भनक मोहनलाल सुखाड़िया को लग गई बताया जाता है कि इन्होंने अपने दामाद मुन्नालाल गोयल को इनके पीछे लगा दिया कि किसी भी तरह यह नेता दिल्ली आलाकमान के पास नहीं पहुँच सके !
सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी मुन्ना लाल गोयल ने नेताओं को आमेर के क़रीब रोक लिया और अपने घर ले आए यहाँ वार्तालाप एवं खानपान में काफ़ी समय निकल गया इसके कारण यह नेता दिए गए समय पर दिल्ली नहीं पहुँच पाए अपने निर्धारित समय से 2 घंटे लेट होने के कारण श्रीमती गांधी ने इनसे मिलने से मना करते हुए टिप्पणी की थी कि जो नेता समय का ध्यान नहीं रख सकता वह जनता का क्या ध्यान रखेगा तब से आलाकमान जाट समुदाय को मुख्यमंत्री पद देने से कतराता रहा है लेकिन पिछले दस वर्षों से जिस तरह यह समुदाय मुख्यमंत्री पद को लेकर सक्रिय है इससे संभावना बनती है कि प्रदेश को जाट समुदाय का मुख्यमंत्री मिल सकता है ,पहले रामेश्वर डूडी एवं वर्तमान में गोविंद सिंह डोटासरा सक्रिय ही नहीं समुदाय को एक करने में जुटे हुए हैं इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आगामी चुनावों में यह अपना प्रभाव आलाकमान को दिखाने में क़ामयाब हो सकते हैं और प्रदेश को जाट समुदाय का मुख्यमंत्री मिल सकता है
भाजपा में जाट समुदाय से पहले सावर मल जाट ,ज्ञान प्रकाश पिलनिया सक्रिय रहे इन्होंने भाजपा में जाट समुदाय को जोड़ने में अहम भूमिका निभाई लेकिन इसका पूरा लाभ नहीं मिलने से जाट समुदाय भाजपा से विमुख हो गया !
लेकिन पिछले पाँच सात वर्षों से सतीश पूनिया ने जाट समुदाय को भाजपा से जोड़ने के जो अथक प्रयास किए इसके सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं ,लेकिन सतीश पूनिया को ज़ो दर्जा भाजपा मैं हासिल होना चाहिए था वह नहीं मिलने से जाट समुदाय आगे बढ़ने में हिचकिचा रहा है देखना है क्या भाजपा सतीश पूनिया को उच्च पदस्थ स्थान देकर इस समुदाय को अपनी ओर ले पाएगी !
हालाँकि भाजपा ने राजस्थान में जन्में जगदीप धनकड़ को उपराष्ट्रपति बनाकर जाट समुदाय को संदेश देने का कार्य किया लेकिन जाट समुदाय से धनकड़ हमेशा दूरी बनाकर रहे यही कारण है कि इनका प्रभाव समुदाय में नगण्य देखा गया यदि यही स्थान सतीश पूनिया को मिलता तो आज जाट समुदाय भाजपा में अग्रसर देखा जा सकता था।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवादियों की समस्या का हो हर सम्भव समाधान : जिला कलक्टर

- जिला कलक्टर ने की समोना में जनसुनवाई




**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)** । धौलपुर 7 नवम्बर 24 को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत समोना में जनसुनवाई की। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये ।जनसुनवाई के दौरान परिवादी परिवादी रामनिवास ने जमाबन्दी खाते में जाति शुद्धि कराये जाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी राजाखेड़ा को समुचित कार्यवाही करते हुए परिवादी की समस्या के समाधान हेतु निर्देश दिये। परिवादी आसाराम ने विद्युत बिल में संशोधन कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने सहायक अभियन्ता जेवीवीएनएल को मामले के समुचित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। परिवादी वैभव कुमार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालय के पुनर्भरण राशि के भुगतान न होने के मामले में त्वरित भुगतान की कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देशित किया। वहीं परिवादी सुभाष द्वारा दर्ज खेत पर अतिक्रमण की शिकायत पर तहसीलदार राजाखेडा को टीम गठित कर मौका जांच कर समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। परिवादी भीकाराम द्वारा दर्ज पेयजल की शिकायत पर हैंडपंप स्वीकृति निकाल त्वरित कार्यादेश देकर कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये। परिवादी रामेश्वर द्वारा प्रस्तुत खेत की पैमाइश कराये जाने के मामले में उपखण्ड अधिकारी को पैमाइश कराये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवादियों द्वारा दर्ज किये गये परिवादों का सम्बंधित अधिकारी संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण करें। इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जन सुनवाई के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एएन सोमनाथ, उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा वर्षा मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड सलूम्बर और सीएम भजनलाल शर्मा देवली में कल भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में करेंगे जनसभाः- श्रवण सिंह बगडी

- भाजपा ने 8 नवंबर को 7 विधानसभा क्षेत्र में 19 मंत्री, विधायक, सांसदों, भाजपा पदाधिकारियों को दी प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव में शुक्रवार 8 नवंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देवली में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा, भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल भी उपस्थित रहेंगे।



भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि शुक्रवार को सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार करेंगे। वहीं दौसा विधानसभा में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, रामगढ़ विधानसभा में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह और झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चम्पालाल गेदर, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे। खींवसर विधानसभा में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ,पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और चौरासी में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार प्रसार करेंगे।

### एनएमएसीसी में पहली बार मंचित होगा विश्व प्रसिद्ध 'द फैंटम ऑफ द ओपेरा'

- 5 मार्च 2025 से ग्रैंड थिएटर में दर्शक देख सकेंगे यह आइकॉनिक प्रेम कहानी




**चमकता राजस्थान। मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध संगीत नाटक 'द फैंटम ऑफ द ओपेरा' का मंचन पहली बार मुंबई के नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (एनएमएसीसी) में होगा। यह मंचन 5 मार्च 2025 से ग्रैंड थिएटर में शुरू होगा। एनएमएसीसी ने अब तक 'द साउंड ऑफ म्यूजिक', 'मामा मिया', 'लाइफ ऑफ पाई' जैसे अंतरराष्ट्रीय शोज़ का मंचन कर अपनी खास पहचान बनाई है। अब यह केंद्र 'द फैंटम ऑफ द ओपेरा' जैसी विश्व-प्रसिद्ध प्रेम कहानी को भारत में ला रहा है। एनएमएसीसी की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने कहा, ''एनएमएसीसी की स्थापना का हमारा सपना यही था कि भारत और दुनिया की श्रेष्ठतम कला को एक ही मंच पर लाकर दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जाए। 'द फैंटम ऑफ द ओपेरा' का प्रदर्शन हमारी इस सोच को और सशक्त बनाएगा। यह प्रेम और जुनून की अमर कहानी है, जो हर पीढ़ी को छूती है।'' यह नाटक फ्रांसीसी लेखक गैस्टन लेरौक्स के उपन्यास पर आधारित है।

# ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024, स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

## मुख्य मार्गो पर टूटे, खराब पड़े हुए डस्टबिन को तुरन्त बदलने के दिये निर्देश

- डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को किया जाये सुदृढ़
- गंदगी फैलाने वाले दोषी व्यक्तियों पर हो चालान जोन उपायुक्तों, सीएसआई को सख्त हिदायत दी

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 07 नवम्बर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने गुरूवार को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की तैयारियों के संबंध में किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, वित्तीय सलाहकार, उपायुक्त (स्वास्थ्य) सहित सभी जोन उपायुक्त, अधिशाषी अभियन्ता सहित सीएसआई मौजूद रहे।आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के तहत पीपीटी के माध्यम से एक-एक बिन्दु पर विस्तारपूर्वक संबंधित अधिकारी से विस्तृत चर्चा की और आवशयक दिशा-निर्देश दिये। आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुधारा जाये, व्यवस्था की उचित प्रकार से मॉनिटरिंग की जाये। कॉलोनियों में नियमित रूप से हूपर्स आये, सभी जोन उपायुक्त, सीएसआई सुबह फील्ड में निकले, सफाई कर्मचारियों के कामों की विजिट करें। मैकेनाईज्ड रोड़ स्वीपिंग की मॉनिटरिंग करें। ओपन कचरा डिपो पूर्णतः समाप्त किये जाये। 3 घंटे से भी अधिक चली मैराथन बैठक में आयुक्त ने रात्रिकालीन सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, रडवफ्ळए रएत्र्क्ष्मत्र्क्षअळक्डठ, सीएनडी वेस्ट कलेक्शन एण्ड सेग्रीकेशन, गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने के लिये आमजन को समझाईश, जोनवाईज वसूल किये जा रहे कैरिंग चार्ज, सड़कों पर टूटे हुये डस्टबिन को ठीक करने या बदले जाने, खुले में कचरा फैंकने वाले व्यक्तियों की फोटो खिचें जाने तथा उन पर चालान किये जाने, फ्लाई ओवर के सौन्दर्यकरण संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी जोनों, वार्डों में श्र३ु ी उ'ील्ल'ह्यी२२ दिखनी चाहिए। वार्डो में निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट लगवाये जाये। सार्वजनिक स्थानों, दीवारों पर अवैध रूप से लगे होर्डिग, बैनर को हटाया जाये। वार्डो के मुख्य बाजारों में स्थित फुटपाथों एवं डिवाईडरों में पड़ी हुई पॉलिथीन, गुटखे के पाउच तथा पेड़ पौधों की कटाई छटाई करवाने के निर्देश दिये। वार्डो में आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों में रेड स्पॉट (पान पीक का थूक) एवं येलो स्पॉट (यूरिन) के निशान नही होने चाहिए तथा वार्डो में स्थित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय एवं मुत्रालय की नियमित एवं समुचित साफ-सफाई करवाये, शहर को साफ-सुथरा बनाये जाने के लिए वार्डो में उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों पर सौन्दर्यकरण के लिये वाल पेन्टिग की जाये, वार्डो में स्थित मिट्टी व मलबा (सीएनडी वेस्ट) को तत्काल उठवाया जाकर डम्पिग यार्ड पर भिजवाया जाये, वार्डो के मुख्य बाजारों में स्थित लीटर बिन से नियमित साफ-सफाई करवाकर कचरा उठवाया जाये, वार्डो में स्थित कच्ची बस्तियों, पार्को, पर्यटक स्थल व स्कूलों के आस-पास नियमित साफ-सफाई करवाई जाये। आयुक्त ने राइजिंग राजस्थान के आयोजन की तैयारियों के संबंध में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभी तक 648 में से 528 ओपन कचरा डिपो हटा दिये गये है। मुरलीपुरा जोन ओपन कचरा डिपो रहित हो गया है शेष बचे कचरा डिपो को भी समाप्त किया जाये। जो भी व्यक्ति खुले में कचरा फैंकता है उनकी फोटो खीचकर चालान की कार्यवाही की जाये। अधिशाषी अभियन्ता मुख्यालय को निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर डस्टबिन टूट गये है वे जल्द ही बदले जाये तथा मुख्य मार्गो पर जो डस्टबिन लगाये गये है उनमें से कचरे को साफ करवाया जाये। मैकेनाइज्ड रोड़ स्वीपिंग की मॉनिटरिंग की जाये। आयुक्त ने सभी अधिशाषी अभियन्ताओं को सड़के के पेचवर्क एवं मरम्मत करने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही जो थड़ी ठेले, दुकानदार डस्टबिन नहीं रखते है उनका भी चालान किया जाये। सभी बस स्टॉप की साफ-सफाई की जाये, अवैध होर्डिग, बैनर, पोस्टर हटाये जाये। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाये। आमजन को गीले व सूखे कचरे के बारे में समझाइश की जाये। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंक प्राप्त करने के लिये सभी को समन्वय के साथ धरातल पर कार्य करना होगा।

### जयपुर पुलिस आयुक्त ने उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मी कांस्टेबलों को ऑफ दी मंथ के अवार्ड से नवाजा

## आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय ही जयपुर पुलिस की प्राथमिकता :- बीजू जॉर्ज जोसफ

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी.)। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट सराहनीय मेहनत लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को कांस्टेबल ऑफ दी मंथ के अवार्ड से सम्मानित किया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि अक्टूबर माह 2024 का कांस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार जिला पूर्व के पुलिस कांस्टेबल जितेन्द्र पुलिस थाना जवाहर सर्किल ने जयपुर शहर में महिलाओं का भेष बनाकर नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज व आसूचना संकलित कर कड़ी मेहनत से गिरफ्तार करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिला पश्चिम के पुलिस कांस्टेबल बहादुर सिंह तकनीकि शाखा कार्यालय पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने दादी का फाटक मुरलीपुरा पर एक स्वीफ्ट कार में सवार लड़कों एवं लड़कियों के द्वारा एस्कोर्ट सर्विस बुकिंग के नाम पर दो लड़कों के साथ मारपीट कर अपहरण करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करवाने में जहम भूमिका निभाई थी। जिला उत्तर के पुलिस कांस्टेबल नफे सिंह पुलिस थाना ब्रह्मपुरी ने दर्ज प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की तलाश कर प्रकरण का माल महरूका 10 लाख रुपये बरामद करवाने में सहयोग किया गुमशुदा बालक बालिका की तलाश कर दस्तयाब करवाने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला दक्षिण वो पुलिस कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार वर्मा पुलिस थाना महेश नगर में थाना क्षेत्र से गुमशुदा मोबाईलों को ट्रेस कर 37 मोबाईल बरामद किये। उल्लास अभियान के तहत 10 एमपीआर में गुमशुदाओं को दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। पुलिस कांस्टेबल यातायात शाखा पूर्व के रावंश कुमार ने चौरडिया पेट्रोल पम्प पर ड्यूटी के दौरान एक मोटरसाईकिल फिसलकर बस के नीचे आके चिनारी उत्पन्न होने से बस में आग लगने पर अग्निशमन सिलेंडर द्वारा बस में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया एवं बस के अन्दर सो रही एक सवारी को बस के पीछे के शीशा तोड़कर सुरक्षित बाहर निकालने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस कांस्टेबल रावंश कुमार घनश्याम कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आसूचना एवं सुरक्षा जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कार्यालय के अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के इंतजाम का प्रभावी पर्यवेक्षण किया।

ऑपरेशन लाडली

### प्रदेश में बाल विवाह रोकथाम के लिए पुलिस विभाग चलाएगा अभियान

- आगामी 12 नवम्बर, 2024 के अबूझ सावे से पूर्व शुरू होगा छह दिवसीय अभियान
- समझाइश व कम आयु के बच्चों को भी किया जाएगा जागरूक

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 07 नवम्बर।** प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस विभाग चार दिवसीय अभियान चलाएगा। महानिरीक्षक पुलिस सिविल राइट्स जय नारायण ने आदेश जारी कर बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को ₹ऑपरेशन लाडली₹ अभियान की क्रियान्विति करने के निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान पुलिस लोगों को विभिन्न तरीकों से समझाइश कर कम आयु के बच्चों को जागरूक करेगी।आईजी जय नारायण ने बताया कि समाज में प्रचलित बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में ₹ऑपरेशन लाडली₹ अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 12 नवम्बर को अबूझ सावे पर होने वाले बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस विभाग 11 से 16 नवंबर लगातार छह दिन तक यह अभियान संचालित कर रहा है, जिसकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी।अभियान के प्रभावी कियान्वयन के लिए पुलिस जिला, खण्ड, स्कूल, ग्राम स्तरीय एवं सेवा प्रदाताओं की कार्यशाला का आयोजन कर उपस्थित प्रतिभागियों को अभियान के प्रति संवेदनशील बनाएगी। विभिन्न माध्यमों जैसे सेवा प्रदाताओं की दुकानों एवं प्रमुख स्थानों पर दीवार लेखन, जागरूकता रैली, शासकीय व धार्मिक कार्यक्रमों में बाल विवाह नही करने की शपथ, जिंगल, डॉक्यूमेन्ट्री, नुक्कड नाटक, होर्डिंग के साथ दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन आदि के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रभावी जनजागरण किया जाएगा।इसके अतिरिक्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालकों को बाल विवाह कानून के प्रति भी पुलिस जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग थाना स्तर पर कार्यरत सीएलजी सदस्यों एवं सुरक्षा सखियों का बाल विवाह की रोकथाम के लिए वांछित सहयोग प्राप्त करने के साथ मुखबिर प्रोत्साहन योजना को सुदृढ करेगी।

## 50 करोड रूपये के कार्य किये स्वीकृत,जयपुर के विकास को मिलेगी गति

# जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूसी की महत्वपूर्ण बैठक हुई आयोजित

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 07 नवम्बर।** माननीय नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन एवं नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण एवं आधारभूत विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे है।जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में बुधवार को जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 50 करोड रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये, जिससे जयपुर शहर के विकास को गति मिलेगी। जोन-5 में सहकार मार्ग से शिप्रा पथ वाया करतारपुरा, महेश नगर, गोपालपुरा एवं शांति नगरमुख्यस ड़कतकआरआरवीपीएनएल द्वारा किए गए रोडकट की मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य के लिए कार्योत्तर 6.05 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन 10 में खो नागोरियान तिराहा से दांतली आरओबी तक गोनेर रोड (डीएलपी भाग को छोड़कर) के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 2.87 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-9 में एयरपोर्ट रोड से हल्दी घाटी मार्ग (मौसम विभाग रोड) को जोड़ने वाली 160 फीट चौड़ी सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य के लिए संशोधित 5.02 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-10 में जेडीए योजना गोविंदपुरा रोपाड़ा एवं पहुंच मार्ग (हेरिटेज सिटी) में मिट्टी भराई कार्य एवं विभिन्न विकास कार्य हेतु 6.68 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से सांगानेर आरओबी तक सड़क चौड़ाईकरण में आने वाली मौजूदा एचटी/एलटी लाइनों को स्थानांतरित करने और हटाने तथा स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य के लिए 7.74 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।जगतपुरा आरओबी से सीबीआई फाटक तक नवनिर्मित 160 फीट रोड पर एचटी/एलटी लाइनों, बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मर और पी एंड एफ स्ट्रीट लाइट को स्थानांतरित करने/उखाड़ने के कार्य के लिए 3.68 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।जोन-6 में बृज कॉलोनी एस-1बी बालाजी नगर एस-1ए और लोहा मंडी रोड राइजिंग मेन पर पीएचईडी द्वारा किए गए रोड के मरम्मत कार्य के लिए 8.17 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।जोन-12 की विभिन्न कॉलोनियों में जल वितरण पाइपलाइन बिछाने के लिए पीएचईडी द्वारा किए गए रोड कट केनवीनीकरण और मरम्मत कार्य के लिए 5.12 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।जोन-11 में पालडी परसा (160 फीट) से बगरू रीको क्षेत्र तक सडक 100 फीट सडक के नवीनीकरण एवं सुदृढीकण हेतु 4.69 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

# राइजिंग राजस्थान आयोजन को लेकर हेरिटेज निगम में हुई व्यापारियों के साथ हुई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

## राइजिंग राजस्थान में आने वाले अतिथियों का जयपुर शहर करेगा भव्य स्वागत, बिछाएंगे पलक पांवड़े

## जयपुर व्यापार महासंघ ने की घोषणा, शहर में होगी दिवाली सी रौनक

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** । राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों को लेकर हेरिटेज निगम मुख्यालय में गुरूवार को शहर के व्यापार मण्डलों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, आयुक्त अरूण कुमार हसीजा समेत जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारी और अन्य व्यापारी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने सभी व्यापारियों से नौ दिसम्बर से शुरू होने वाले राइजिंग राजस्थान में शामिल हो रहे देशी – विदेशी अतिथियों के स्वागत के लिए पलक पांवडे बिछाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक जयपुर शहर में राइजिंग राजस्थान के अतिथि शहर की खूबसूरती को निहारेंगे, ऐसे में बाजारों में दीवाली जैसी रौनक रहेगी, हम सभी उनका राजस्थानी अंदाज में स्वागत करें। जिससे वे अपने साथ जयपुर की मेहमानवाजी की खूबसूरत यादें साथ लेकर जाएं।

वहीं जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने सर्व सम्मति से आयोजन के दौरान अतिथियों को तीन दिन तक डिस्काउण्ट रेट पर खरीदारी कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जयपुर के सभी बाजारों में खरीदारी करने वाले मेहमानों का दुपट्टा ओढ़ाकर व इलायची खिलाकर स्वागत किया जाएगा। इस दौरान व्यापार मण्डलों से आए हुए पदाधिकारियों ने अपनी समस्या भी बताई। जिसे पर महापौर कुसुम यादव ने जल्द ही सभी समस्याओं के निस्तारण कराने की बात कही।



### 9 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक शहर में डिस्काउण्ट रेट पर होगी खरीदारी

### जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में निगम नहीं छोडेगा कोई कसर महापौर

» महापौर कुसुम यादन ने कहा कि हमारा जयपुर विश्व विरासत की सूची में भी शामिल है। लोग यहां की विरासत और संस्कृति को देखने दूर – दूर से आते है। राइजिंग राजस्थान समिट से पहले ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कसर नहीं छोडी जाएगी।

### बाजारों में सुंदरता और एकरूपता के लिए सफेद पट्टी पर काले रंग से ही लिखें जाएं दुकान के नाम : आयुक्त

» निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने सभी व्यापार मण्डलों से आए पदाधिकारियों से कहा कि बाजारों में दुकानों के उपर लिखें जाने नाम एकरूपता के साथ सफेद पट्टी पर काले रंग से ही लिखें जाएं। साथ ही सभी दीवारों पर समान टेराकोटा रंग से ही रोगन कार्य किया जाएं। जिससे जयपुर की सुंदरता बनी रहे। इस दौरान जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया, महामंत्री सुरेश सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बज, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, रामगंज बाजार से हुकुम चंद, जोहरी बाजार से कैलाश मित्तल, गोपीनाथ जी का रास्ता व्यापार मण्डल, सुभाष चौक बाजार व्यापार मण्डल, किशनपोल बाजार व्यापार मण्डल, चौडा रास्ता व्यापार मण्डल, त्रिपोलिया बाजार व्यापार मण्डल, दीनानाथ जी की गली व्यापार मण्डल, ब्रहम्पुरी व्यापार मण्डल, आमेर रोड व्यापार मण्डल, जयंती बाजार व्यापार मण्डल, खजाने वालों का रास्ता व्यापार मण्डल, घी वालों का रास्ता व्यापार मण्डल, हल्दियों का रास्ता व्यापार मण्डल, बापू बाजार, नेहरू बाजार, इंद्रा बाजार आदि के पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

## संक्षिप्त समाचार

### जेडीए ने उप महानिरीक्षक कैलाश चन्द विश्नोई के मजबूत निर्देशन में करी अवैध निर्माण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई

- **जोन 5 में बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनी अवैध बिल्डिग को नियमानुसार पुख्ता सील**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** कैलाश चन्द्र बिश्नोई, पुलिस उप महानिरीक्षक,जविप्रा जयपुर ने बताया कि प्रवर्तन शाखा द्वारा आज दिनांक 07.11.2024 को निम्नलिखित प्रवर्तन कार्यवाही की गईःखसरा नं. 131 से 134 बरकत नगर विस्तार ग्राम गोपालपुरा के भूखण्डों पर भवन निर्माण विनियमों का उल्लंघन कर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने द्वितीय तृतीय मंजिला अवैध निर्माण की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही।जोन-05।प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 07.11.2024 को जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बरकत नगर विस्तार, तेजाजी मन्दिर के पास, ग्राम गोपालपुरा के खसरा नं. 131 से 134 में उक्त भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल 274.02 वर्गमीटर में भवन निर्माण विनियमों का उल्लंघन कर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ द्वितीय तृतीय मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 07.11.2024 को उक्त अवैध व्यावसायिक निर्माण के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेटों पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।उक्त प्रकरण में अवैध निर्माणकर्ता द्वारा जविप्रा के नाम से भवन निर्माण के संबंध में कूटरचित स्वीकृति तैयार कर ली गई थी जबकि जविप्रा द्वारा भवन के संबंध में कोई निर्माण स्वीकृति जारी नहीं की गई। अवैध निर्माणकर्ता द्वारा कूटरचित स्वीकृति तैयार कर लेने के संबंध में उपायुक्त जोन-05 कार्यालय द्वारा स्थानीय पुलिस थाना गांधीनगर में दिनांक 05.11.2024 को भू-स्वामी के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई थी।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गयी उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे।

---

# एसीबी महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के कुशल निर्देशन में दिया प्रभावी कानूनी कार्रवाई को अंजाम

## कोटा में जिला उद्योग केन्द्र का हैण्डलूम इंसपेक्टर, चार्टेड अकाउंटेंट (प्राईवेट व्यक्ति) एवं ऑफिस असिस्टेंट (प्राईवेट व्यक्ति) 16 हजार 500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

चमकता राजस्थान



जयपुर!(खलील कुरैशी) 07 नवम्बर, गुरुवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये महेन्द्र सिंह राजावत हैण्डलूम इंसपेक्टर, जिला उद्योग केन्द्र, कोटा अतिरिक्त चार्ज डिवीजनल ऑफिसर, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, कोटा को उसकी दलाल वीनस माहेश्वरी चार्टेड अकाउंटेंट (प्राईवेट व्यक्ति) एवं समीर अली सी.ए. का ऑफिस असिस्टेंट (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 16 हजार 500 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि प्रधानमंत्री रोजगार गांरटी योजना में नव उद्योग स्थापित करने हेतु आवेदित 10 लाख रुपये के लोन की फाईल जिला उद्योग केन्द्र से अप्रूव करवाने की एवज में महेन्द्र सिंह राजावत हैण्डलूम इन्सपेक्टर, जिला उद्योग केन्द्र, कोटा द्वारा उसकी सहयोगी वीनस माहेश्वरी चार्टेड अकाउंटेंट (प्राईवेट व्यक्ति) के माध्यम से 18 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी कोटा के उप महानिरीक्षक पुलिस शिवराज मीणा के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर पुलिस निरीक्षक अनिता द्वारा मय टीम उप अधीक्षक पुलिस ताराचंद व अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी वीनस माहेश्वरी चार्टेड अकाउंटेंट (प्राईवेट व्यक्ति), समीर अली ऑफिस असिस्टेंट-चार्टेड अकाउंटेंट (प्राईवेट व्यक्ति) व महेन्द्र सिंह राजावत हैण्डलूम इन्सपेक्टर, जिला उद्योग केन्द्र, कोटा को परिवादी से 16 हजार 500 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है।उल्लेखनीय है कि शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी वीनस माहेश्वरी चार्टेड अकाउंटेंट द्वारा परिवादी से 18 हजार रुपये की मांग की जाकर, 8 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे। जिनमें से भी 6500 रुपये आरोपिया के कब्जे से बरामद कियेगये जा चुके हैं। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

---

कांग्रेस के दिग्गज नेता रघु शर्मा का विवादित बयान

## राजस्थान में 13 तारीख के बाद ये कत्लेआम करने वाले हैं',

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान में 7 विधानसभा सीटों उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। बीजेपी और कांग्रेस के कई बड़े नेता पार्टी के चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इस बीच टोंक जिले की देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित रैली के दौरान पूर्व मंत्री रघु शर्मा के बोल बिगड़ गए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रघु शर्मा ने विवादित बयान देते हुए कहा कि भाजपा सरकार 13 नवंबर को मतदान के बाद कत्लेआम करने वाली है। कांग्रेस नेता के बयान के बाद बीजेपी ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। केसी मीणा के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे रघु शर्मादरअसल, टोंक की देवली-उनियारा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस के केसी मीणा चुनाव लड़े रहे हैं। रघु शर्मा कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में रैली करने पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत में रघु शर्मा ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि एक साल से इनके मंत्री देवली की धरती पर नहीं आए, अब जब चुनाव है तो डेरा डाले हुए हैं। ये अपने स्वार्थ के लिए यहां पर पड़े हुए हैं। इनको यहां के विकास और लोगों की भलाई से कोईवास्ता नहीं है। कल जब चुनाव हो जाएगा तो इनका पता तक मिलना मुश्किल है। रैली को संबोधित करते हुए कहा कि रघु शर्मा ने कहा कि 13 तारीख को चुनाव है, उसके बाद ये राजस्थान में कत्लेआम करने वाले हैं। वहीं कांग्रेस नेता शांति धारीवाल ने चुनाव में पैसा देकर निर्दलीय उम्मीदवार खड़े कर रहे हैं, जिससे कांग्रेस के वोट काटे जा सके।



---

प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने एवं जागरुकता अभियान चलाने के भी दिये निर्देश

# मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर हो प्रभावी कार्रवाई : डॉ जितेंद्र कुमार सोनी जिला कलक्टर

## कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक

चमकता राजस्थान



जयपुर! (खलील कुरैशी) 07 नवंबर। जिले में मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का।डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने यह बात कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की राज्य स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल युवाओं नशे की लत से बचाना है। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकारकीअनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने नशा मुक्ति को जन अभियान बनाने के लिए ई-शपथ मय प्रमाण पत्र की आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशा मुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभान्वित करने के लिए निर्देशित दिये।

### बैठक में ये अधिकारीगण रहे मौजूद

» बैठक में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण आनंद शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वितीय डॉ. हंसराज भदौलिया, जिला औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर जिले में थाना चौहटन पुलिस की कार्रवाई

- अपहरण कर फिरौती लेने के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार आरोपी गिरफ्तार
- 5 हजार रुपये इनामी गिरफ्तार आरोपी थाना स्तर पर टॉप 10 वाण्टेड की सूची में है शामिल




**चमकता राजस्थान।जयपुर/बाड़मेर! (खलील कुरैशी) 7 नवंबर।** जिले की चौहटन थाना पुलिस ने अपहरण एवं फिरौती लेने के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे इनामी आरोपी कमलेश कुमार विश्नोई पुत्र प्रभु राम निवासी जालबेरी थाना सरवाना जिला सांचौर को गिरफ्तार किया है। पांच हजार रुपये इनामी उक्त आरोपी थाना स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल है।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि 20 जुलाई 2023 को थाना चौहटन में डोसी अस्पताल से एक युवक का अपहरण कर फिरौती लेने के संबंध में प्रकरण दर्ज हुआ था। मामले में आरोपी कमलेश कुमार विश्नोई घटना के वक्त से ही फरार चल रहा था। जिसकी तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगातार उसके ठिकानों पर दबिश दे रही थी। लेकिन शातिर बदमाश कमलेश लगातार ठिकाने बदलने के कारण पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था।लंबे समय से फरार चल रहे आरोपों की गिरफ्तारी के लिए जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन ₹धर कर भर₹ के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ जीवन लाल के सुपरविजन एवं एसएचओ सोमकरण के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तलाश के दौरान गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सिणधरी पुलिस के सहयोग से आरोपी को गांव भटाला थाना सिणधरी से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।लंबे समय से फरार चल रहे हैं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी ऑफिस से 5000 का इनाम घोषित किया गया था। इसकी गिरफ्तारी में थाना चौहटन के कांस्टेबल हरलाल पूनिया व थाना सिणधरी के कांस्टेबल सुखदेव की विशेष भूमिका रही है।

### शादी का झांसा देकर मालिक ने नौकरानी से किया दुष्कर्म

**कोरबा/एजेंसी।** नौकरानी को पत्नी बनाने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी बीमा एजेंट को कोरबा की एक कोर्ट ने 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 5 हजार का अर्थदंड लगाया है। इसे अदा नहीं करने पर 6 माह अतिरिक्त सजा जेल में काटनी होगी। बताया जाता है कि विनय के घर काम करने के लिए एक नौकरानी आया करती थी। उससे विनय के करीबी संबंध हो गए थे। विनय के घर नौकरानी ने एक अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक कार्य किया था। इस अवधि में विनय का परिवार बाहर था। नौकरानी विनय के घर खाना बनाने जाती थी। विनय ने नौकरानी के बनाए हुए खाने की तारीफ की और उससे मीठी-मीठी बातें करके अपने मायाजाल में फंसा लिया। नौकरानी ने आरोप लगाया था कि विनय ने उसके समक्ष शादी का प्रस्ताव दिया था जिसे नौकरानी ने स्वीकार कर लिया था। बाद में विनय ने एक अक्टूबर से 20 अक्टूबर के बीच 6-7 बार उससे संबंध बनाया। नौकरानी ने आरोप लगाया कि विनय ने यह कहते हुए उसे काम पर आने से मना कर दिया कि दशहरा में उसके बच्चे आ रहे हैं। आरोपी ने नौकरानी को दशहरा के बाद दीपावली में फिर से काम पर बुलाने का आश्वासन दिया लेकिन 21 दिन तक किए गए काम का पैसा नहीं दिया।आरोपी युवक ने नौकरानी का फोन उठाना भी बंद कर दिया। परेशान होकर नौकरानी ने घटना की शिकायत मानिकपुर चौकी में दर्ज कराई। मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।

मालेगांव बम ब्लास्ट केस

### साध्वी प्रज्ञा की बढ़ी मुश्किलें, एनआईए कोर्ट से जमानती वारंट जारी

**मुम्बई/एजेंसी।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल संसदीय क्षेत्र से पूर्व सांसद और भाजपा की फायर ब्रांड नेता साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ एक बार फिर जमानती वारंट जारी हुआ है। ये जमानती वारंट एनआईए कोर्ट द्वारा मालेगांव बम धमाके के केस में चल रही पेशियों में शामिल न होने के कारण जारी किया गया है। कोर्ट ने मंगलवार को इस जमानती वारंट को ये कहते हुए जारी किया कि, मामले की बहस अपने अंतिम दौर में है, ऐसे में मुख्य आरोपी का कोर्ट में होना जरूरी है। दरअसल, प्रज्ञा ठाकुर बीते लंबे समय से कोर्ट में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मेडिकल लगाकर अदालत की पेशियों में नहीं पहुंच रही हैं। इसी के चलते लंबे समय से ये मामला लंबित है। आरोपी पक्ष के इसी व्यव्हार को अनुचित मानते हुए मुंबई की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ पेशी में शामिल न होकर कोर्ट का समय बर्बाद करने के चलते जमानती वारंट जारी किया है। गौरतलब है कि 29 सितंबर 2008 को मालेगांव शहर की एक मस्जिद के पास बम ब्लास्ट हुआ था। इन धमाकों में 6 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। धमाके के बाद 30 सितंबर 2008 को मालेगांव के आजाद नगर पुलिस थाने में मामले दर्ज किए गए थे। फिलहाल, मामले की सुनवाई स्पेशल एनआईए कोर्ट कर रही है।

# जेडीसी ने ली समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक

## जेडीसी आनन्दी ने दिये विभिन्न दिशा-निर्देश नियमित लगाये जायेंगे नियमन शिविर

- शीघ्र लांच की जायेंगी जेडीए योजनाएं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाते ही करवाई जायेगी प्लानिंग
- सेक्टर कॉमर्शियल संपत्ति चिन्हित कर रखी जायेगी नीलामी मेंलीजडीड बकायदारों को जारी किये जायेंगे नोटिस
- कोर्ट कैसेज की पेंडेंसी एक माह में की जायेगी शून्य,अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों को जारी किये जायेंगे नोटिस

चमकता राजस्थान




**जयपुर!(खलील कुरैशी) 07 नवम्बर।** स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के मार्गदर्शन में जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में बुधवार को जेडीए के मंथन सभागार में जविप्रा के समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।जेडीसी ने उपायुक्तों से आगामी माह में आयोजित किये जाने वाले नियमन शिविरों की प्रगति की जानकारी ली एवं नियमित रूप से नियमन शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये।बैठक में प्रवर्तन शाखा द्वारा जिन सरकारी भूमियों से अवैध कब्जे-अतिक्रमण हटवाये गये, की जानकारी दी गई। जेडीसी ने प्राईम लैण्ड पर अतिक्रमण हटवाने के बाद तत्काल रूप से प्लानिंग करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त सरकारी भूमि पर अतिक्रमी द्वारा पुनः अतिक्रमण करने पर संबंधित के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिये। जेडीसी ने जेडीए द्वारा सृजित की जाने वाली आवासीय/अन्य योजनाओं की की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं को शीघ्र लांच करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जेडीए द्वारा विभिन्न प्रकार - एग्रो वेयर हाउस, वेयर हाउस, फार्म हाउस, व्यावसायिक, आवासीय एवं अन्य योजनाएं लांच करने हेतु प्लानिंग की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने समस्त जोन उपायुक्तों को अपने-अपने जोन्स में नवीन योजनाएं सृजित करने हेतु भूमि चिन्ह्किरण करने के निर्देश दिये। बैठक में राजस्व अर्जन हेतु जेडीए योजनाओं में उपलब्ध भूखण्डों को नीलामी में प्राथमिकता से रखने के निर्देश दिये। जेडीसी ने जेडीए के जोन-1 से 7 तक 2-2 संपत्तियॉ एवं 8 से 14 तक सेक्टर कॉमर्शियल/अन्य प्रकार की 25-25 संपत्तियों को चिन्ह्ति कर नीलामी में रखने के निर्देश दिये।बैठक में राजस्व अर्जन हेतु विभिन्न जोनों में बडे भूखण्डों की लीज बकाया है। ऐसे व्यावसायिक, संस्थागत एवं ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों की सूची तैयार कर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। जेडीसी ने न्यायालय में भूमि अवाप्ति के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिये। लाईट्स प्रकरणों (कोर्ट कैसेज) का निस्तारण त्वरित गति से कर पेन्डेन्सी शून्य करने के निर्देश दिये।जेडीए क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही नगर निगम ग्रेटर/हैरिटेज क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों की एनओसी निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र सरकार का एक्शन, पराली जलाने पर दोगुना हुआ जुर्माना

नई दिल्ली/एजेंसी

वायु प्रदूषण से देश की राजधानी के साथ-साथ पूरा देश हलकान है. इस बीच सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. केंद्र सरकार ने पराली की समस्या के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का फैसला किया है. दरअसल केंद्र सरकार ने पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर दोगुनी कर दी है.

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग संशोधन नियम- 2024 प्रभावी होंगे. केंद्र सरकार इसे लेकर एक नोटिफिकेशन जारी की है. नोटिफिकेशन के अनुसार जो किसान दो एकड़ से कम भूमि क्षेत्र रखते हैं, उन्हें 5000 रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा देना होगा.

### पराली जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध

इसके साथ ही जो किसान दो एकड़ या उससे अधिक, लेकिन पांच एकड़ से कम भूमि क्षेत्र रखते हैं, उन्हें 10,000 रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा देना होगा. जो किसान पांच एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र रखते हैं, उन्हें 30,000 रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा देना होगा. साथ ही पराली जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू रहेगा.

केंद्र सरकार के 'वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग' ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और इसके आसपास के इलाकों में 'एनवायरमेंटल कंपेंसेशन फॉर स्टबल बर्निंग संशोधन कानून' के प्रावधानों को लागू कर दिया है. इस कानून में पराली जलाने पर जुर्माने और फंड के इस्तेमाल के प्रावधान बताए गए हैं.



# पीएम मोदी का ट्रंप को बधाई देने वाला पोस्ट वायरल, चंद घंटों में 10.6 मिलियन से ज्यादा व्यू



नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में जीत के लिए डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। पीएम मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप के साथ चार तस्वीरें शेयर की। खास बात यह है कि पीएम मोदी का पोस्ट सोशल मीडिया पर छा गया है। कुछ ही घंटों में पीएम मोदी के इस पोस्ट को 10.6 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं, जिसमें दोनों नेताओं की खास दोस्ती नजर आ रही है। पहली तस्वीर में पीएम मोदी और ट्रंप गले मिलते दिखाई दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट पर जो दूसरी फोटो शेयर की है, वो उस वक्त की है जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत दौर पर आए थे और पीएम मोदी खुद उनके स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे। तीसरी तस्वीर पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे की है। चौथी फोटो पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की साल 2019 में फ्रांस में हुए जी7 समिट की है। इन फोटो में पीएम मोदी और ट्रंप के बीच खास बॉन्डिग दिखाई दे रही है।

पीएम मोदी ने ट्रंप को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके पिछले कार्यकाल की सफलताओं की तरह ही, मैं भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने के लिए हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। आइए मिलकर अपने लोगों के कल्याण, वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए काम करें। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में समर्थकों को संबोधित करते हुए अपनी जीत का ऐलान किया। ट्रंप ने जीत को अमेरिका का 'स्वर्ण युग' बताया। रिपब्लिकन उम्मीदवार ने कहा, यह अमेरिकी लोगों के लिए एक शानदार जीत है, जो हमें अमेरिका को फिर से महान बनाने का अवसर देगी। ट्रंप ने अपने संबोधन में पत्नी मेलानिया को धन्यवाद देते हुए उन्हें फर्स्ट लेडी कहकर पुकारा।

उन्होंने कहा, मेलानिया ने बहुत अच्छा काम किय। वह लोगों की मदद करने के लिए बहुत मेहनत करती हैं। उन्होंने अपने 'अद्भुत बच्चों' को भी धन्यवाद दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क को रिपब्लिकन पार्टी का नया सितारा बताया। बता दें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक मस्क ने इस चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति का खुलकर समर्थन किया था। ट्रंप ने उन्हें एक 'अद्भुत' व्यक्ति बताया।

## दिये आवशयक व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद करने के दिशा-निर्देश

# पशुपालन और गोपालन मंत्री ने पुष्कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया

चमकता राजस्थान



जयपुर!(खलील कुरैशी) 7 नवंबर। पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत गुरूवार को प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले की तैयारी का जायजा लेने पुष्कर धाम पहुंचे। पशु मेले में उन्होंने मेला स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। मेले में राजस्थान सहित पंजाब और आसपास के कई क्षेत्रों के लोग पशु बेचने खरीदने आते हैं। उनके लिए श्री कुमावत ने सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि कानून व्यवस्था और साफ–सफाई के साथ-साथ पशुओं और पशुपालकों के लिए पेयजल, बिजली और चिकित्सा व्यवस्था सहित सभी सुविधाएं मेले में आने वाले लोगों को मिले। मेला स्थल को विकसित करवाने का निर्देश देते हुए उन्होंने मेला स्थल की जमीन पर्यटन स्थल से पशुपालन विभाग को हस्तांतरित करने को कहा। उन्होंने वहां पॉलीक्लिनिक खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने ऊंटों और गायों के संरक्षण और संवर्धन हेतु नवाचार करते हुए मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। कुमावत ने वहां उपस्थित पशुपालकों से बात कर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और उसका निराकरण करने का आश्वासन दिया। पशुपालकों ने भी मेले की अच्छी व्यवस्था के लिए सरकार और विभाग को धन्यवाद दिया। पशु मेले में पशुओं की चिकित्सा सुविधाओं के लिए पशुपालन विभाग द्वारा 12 पशु चौकियों की स्थापना की गई है। पशुपालन मंत्री के साथ इस दौरान एसडीएम, पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय प्रशासन, डेयरी, पुलिस तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान का सबसे बड़ा पशु मेला पुष्कर में कार्तिक मास में आयोजित किया जाता है जिसमें करीब 10 से 15 हजार पशु आते हैं। इनमें घोड़े और ऊंट की संख्या अधिक होती है। मेले के दौरान पशुओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील क़ुरैशी, मोबाइल : 7891542929